इंदौर, शनिवार 01 नवंबर 2025
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 05
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2
dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

बहुत जल्द चलेगी इंदौर से रीवा की फ्लाइट



पेज-2

सीएम व दो केंद्रीय मंत्री को लेकर उज्जैन में ...



पेज-5

माहेश्वरी कॉलेज ट्रस्ट का आरोप प्रिंसिपल..



पेज-6



आज देवउठनी एकादशी मनाई जाएगी। इस दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की उपासना की जाती है। इस एकादशी को देवोत्थान एकादशी, देवुत्थान एकादशी और देव प्रबोधिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस एकादशी से सभी मांगलिक कार्यों जैसे विवाह, मुंडन की शुरुआत हो जाती हैऔर चार महीने के चातुर्मास का समापन होता है। इस बार देवउठनी एकादशी बेहद खास मानी जा रही है, क्योंकि इस दिन एक खास योग बनने जा रहे हैं। दरअसल, इस दिन रवि योग और रुचक महापुरुष राजयोग का संयोग बनने जा रहा है। देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु लगभग 142 दिन बाद योग निद्रा से जागेंगे।

# शहर कांग्रेस ने फिर बनाई दिग्विजय से दूरी, नहीं बुलाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ◫ प्रदेश कांग्रेस में एक बार फिर अंदरूनी मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और इंदौर शहर कांग्रेस के बीच की खटास शुक्रवार को एक बार फिर दिखी। चलिए आपको बताते हैं कि आखिर पूरा मामला क्या है।

मध्य प्रदेश कांग्रेस में एक बार फिर अंदरूनी मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और इंदौर शहर कांग्रेस के बीच की खटास शुक्रवार को एक बार फिर दिखी, जब शहर कांग्रेस ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में अपने वरिष्ठ नेता को न्यौता तक नहीं दिया। इंदौर में हुए इस आयोजन से दिग्विजय सिंह पूरी तरह अलग-थलग नजर आए। शहर कांग्रेस कमेटी ने सुबह सरदार पटेल प्रतिमा और इंदिरा गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर देश की एकता और अखंडता की शपथ दिलाई, वहीं सिंह आयोजन के लगभग एक घंटे बाद अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और अलग से माल्यार्पण किया। बताया जा रहा है कि शहर कांग्रेस और दिग्विजय सिंह के बीच मतभेद पिछले महीने से चल रहे हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने सितंबर में एक बैठक में यह साफ कहा था कि भोपाल या बाहर से कोई भी नेता बिना स्थानीय संगठन को सूचना दिए इंदौर में कोई कार्यक्रम नहीं कर सकता। हालांकि उन्होंने दिग्विजय सिंह का नाम नहीं लिया था, लेकिन सभी जानते थे कि यह टिप्पणी उन्हीं की ओर इशारा थी।



### दिग्विजय का चुनाव आयोग पर निशाना

दिग्विजय सिंह ने विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयोग और भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'चुनाव आयोग देश बांटने की प्रक्रिया में शामिल हो गया है। अब नागरिकों को खुद यह प्रमाण देना पड़ रहा है कि वे भारतीय हैं या नहीं। जबकि मतदाता सूची में नाम जोड़ना आयोग की जिम्मेदारी है। भाजपा के इशारे पर संवैधानिक संस्थाएं पक्षपातपूर्ण तरीके से काम कर रही हैं।'

### दिग्विजय सिंह और शहर अध्यक्ष के बीच खटास जारी

गत 27 सितंबर को दिग्विजय सिंह सीतलामाता बाजार पहुंचे थे, जहां उन्होंने मुस्लिम कर्मचारियों को दुकानों से हटाने के विरोध में प्रदर्शन किया था। सिंह ने शहर कांग्रेस अध्यक्ष चौकसे को भी वहां बुलाया था, लेकिन वे नहीं पहुंचे। अगले ही दिन गांधी भवन में हुई बैठक में चौकसे ने सख्त लहजे में कहा था कि बाहर से आने वाले नेता बिना अनुमति आयोजन नहीं कर सकते। इसके बाद से दोनों के बीच दूरी बढ़ गई। कुछ कांग्रेस नेताओं ने चौकसे के खिलाफ राहुल गांधी को पत्र लिखकर शिकायत भी की थी। अब एक महीने बाद जब दिग्विजय सिंह फिर इंदौर आए, तो न शहर कांग्रेस ने उन्हें बुलाया और न ही वे शहर अध्यक्ष के किसी कार्यक्रम में शामिल हुए। हालांकि चौकसे ने सफाई देते हुए कहा कि 'दिग्विजय सिंह की व्यस्तताएं थीं, इसलिए वे हमारे आयोजन में शामिल नहीं हो सके और बाद में माल्यार्पण करने पहुंचे।'

# आज आया बीआरटीएस तोड़ने का मुहूर्त

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ◫ बीआरटीएस कारिडोर देवउठनी ग्यारस को बीआरटीएस तोड़ने का मुहूर्त; नगर निगम को मिल गई एजेंसी ने नगर निगम की सभी शर्तो को मान लिया है जिसके बाद कल से बीआरटीएस कॉरिडोर को तोड़ने का काम शुरू होगा। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के मुताबिक़ शुरुआत में बीआरटीएस कॉरिडोर की रेलिंग को तोडा जाएगा। इसके बाद बस स्टैंड को तोड़ने की कार्रवाई होगी।

इंदौर में साल 2013 से लग्जरी बसों के साथ बीआरटीएस कॉरिडोर की शुरुआत हुई थी, 11 ।47 किमी लम्बा यह कॉरिडोर कई लोगों में एक आकर्षण का केंद्र था। हर दिन हजारों की संख्या में लोग इनमें सफ़र करते थे। 500 करोड़ में बनकर तैयार हुआ यह कॉरिडोर इंदौर की लाइफ लाइन बना रहा और शहर की रफ्तार को और भी गति मिली थी। हालांकि जैसे जैसे समय बीतता गया यह कॉरिडोर इंदौर में ट्रैफिक की मुश्किलों का कारण बनने लगा, घण्टों लोगों को जाम में खड़े रहना पड़ता था। तमाम बिंदुओं पर अधिकारियों ने मीटिंग कर इस कॉरिडोर को हटाने और सडकों को चौड़ी करने का निर्णय लिया।

### अब मिल गई एजेंसी

कई बार इसे हटाने के लिए कई एजेंसी से चर्चा की गई, जीपीओ चौराहे पर काम शुरू भी किया गया था, हालांकि टेंडर में गड़बड़ी के चलते काम रोक दिया गया था। वही अब एजेंसी को फाइनल कर देवउठनी ग्यारस से बीआरटीएस तोड़ने का निर्णय लिया गया है। एजेंसी ने नगर निगम की सभी शर्तो को मान लिया है जिसके बाद रविवार से बीआरटीएस कॉरिडोर को तोड़ने का काम शुरू होगा। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के मुताबिक़ शुरुआत में बीआरटीएस कॉरिडोर की रेलिंग को तोडा जाएगा। इसके बाद बस स्टैंड को तोड़ने की कार्रवाई होगी। इस दौरान शहर का यातायात किसी तरह से बाधित ना हो इसके भी प्रयास किये जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

- केरल ने अत्यंत गरीबी को दी मात, विधानसभा के स्पेशल सेशन में सीएम पिनरई विजयन करेंगे ऐलान
- फेफड़ा फटने और सीने की पसलियां टूटने से हुई मौत, दुलारचंद्र केस में पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा
- 'दिल्ली का नाम 'इंद्रप्रस्थ' रखा जाए' सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने गृह मंत्री को लिखी चिट्ठी
- पीएम मोदी ने पद्म भूषण विनोद कुमार शुक्ल को किया फोन, स्वास्थ्य की ली जानकारी
- पीएम मोदी ने पद्म विभूषण तीजन बाई के परिवार से बात की, स्वास्थ्य की ली जानकारी
- दिल्ली पुलिस ने छेनू गैंग के दो बदमाशों को किया गिरफ्तार
- बिहार : प्रियंका गांधी की खगड़िया में होने वाली जनसभा स्थगित, बारिश बनी बाधा
- मुंबई : वोटर लिस्ट के मुद्दे पर विपक्ष के विरोध मार्च को पुलिस ने नहीं दी अनुमति
- पटना में 2 नवंबर को पीएम मोदी का रोड शो, सुरक्षा को लेकर प्रशासन हाई अलर्ट पर
- दिल्ली में जहरीली हवा, चांदनी चौक इलाके में रिकॉर्ड किया गया
- बसपा सुप्रीमो मायावती आज 11 बजे करेंगी ओबीसी भाईचारा मीटिंग
- दिल्ली का नया लोगो लॉन्च, लाल किले पर मनाया जाएगा स्थापना दिवस
- महाराष्ट्र में फर्जी वोटिंग विवाद पर विपक्ष आज करेगा विरोध प्रदर्शन
- सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आज बिहार में चुनावी दौरा
- छत्तीसगढ़ के 25 साल पूरे होने पर आज प्रदेश का दौरा करेंगे पीएम मोदी
- महाराष्ट्र : आज रात पुणे में होगा किडनैपर रोहित आर्या का अंतिम संस्कार
- बिहार में चुनाव प्रचार करने पर रवि किशन को मिली धमकी, बताया- फोन पर मां को कहे अपशब्द

# शहर में 217 स्कूल बिना मान्यता के चल रहे है! होगी जांच

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ◫ शिक्षा विभाग द्वारा मान्यता नवीनीकरण की समय सीमा 10 अक्टूबर तक बढ़ाए जाने के बाद भी, इंदौर जिले के 217 निजी स्कूलों ने मान्यता के लिए आवेदन नहीं किया है, स्कूल शिक्षा विभाग के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अधिकारियों ने बताया कि बार-बार याद दिलाने के बावजूद, केवल नौ स्कूलों ने ही निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रक्रिया पूरी की।स्कूल शिक्षा विभाग ने पहले मान्यता नवीनीकरण की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर तय की थी, जिसमें 10,000 रुपये का विलंब शुल्क भी शामिल था।

इंदौर जिले में 1,700 से ज़्यादा निजी स्कूल हैं। इनमें से 208 स्कूल समय सीमा से पहले अपनी मान्यता का नवीनीकरण नहीं करा पाए। कुछ लोगों ने विस्तार के बाद भी इसका पालन किया, लेकिन अधिकांश अभी भी किराए के परिसर में काम करने वाले पंजीकृत किराया एग्रीमेंट जमा करने के लिए 'बिना वैध मान्यता के स्कूल चलाना। का उल्लंघन है। 'निरीक्षण के लिए एक चार सदस्यीय समिति गठित की गई है। राज्य शिक्षा विभाग ने कलेक्टर को निर्देश दिया है।

# फर्जी कॉल से 108 एम्बुलेंस परेशान, होगी एफआईआर

**भोपाल (एजेंसी)** ◫ भोपाल समेत पूरे मध्यप्रदेश में सरकारी 108 एम्बुलेंस सर्विस को फर्जी कॉलर्स ने आपातकालीन खिलौना बना दिया है। पिछले छह महीनों में करीब 5.72 लाख फर्जी कॉल आने से न केवल कॉल सेंटर में स्टाफ परेशान हुआ, बल्कि 1500 घंटे एम्बुलेंस सेवा के बर्बाद हुए। कोई गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप के बाद एम्बुलेंस के कॉल सेंटर पर फोन कर अपनी आपबीती बताता है तो कोई सिर्फ मजे के लिए बार-बार कॉल करता है। जय अंबे हेल्थकेयर के सीनियर मैनेजर तरुण सिंह परिहार ने बताया कि अब ऐसे कॉलर्स पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इन कॉल्स के कारण कई बार जरूरतमंद मरीजों को समय पर एम्बुलेंस नहीं मिल पाती। 108 सेवा आपातकालीन है। इसे मजाक या टाइमपास के लिए इस्तेमाल करना अपराध है।



### पहले बुलाई एम्बुलेंस फिर कहा अब जरूरत नहीं

गुरुवार को कोलार रोड के एक व्यक्ति ने 108 पर कॉल किया कि उसकी तबीयत बहुत खराब है। एम्बुलेंस 15 मिनट में घर पहुंची, लेकिन न कोई बीमार मिला, न परिवारजन। जब ईएमटी ने कॉलर को फोन किया तो उसने कहा अब सब ठीक है, जरूरत नहीं। करीब 30 मिनट ऐसे ही बर्बाद हो गए। यह अकेला मामला नहीं, ऐसे सैकड़ों कॉल रोज आते हैं।

### फर्जी कॉलर्स की पहचान के लिए हो रही स्टडी

कॉल सेंटर के आंकड़ों के मुताबिक, कुछ कॉलर्स तो 150 से 200 बार बिना वजह फोन करते हैं। इनमें बच्चे, नशे में धुत युवक और रोमियो टाइप लोग शामिल हैं। कुछ कॉलर्स तो कॉल सेंटर में बैठी महिला स्टाफ से बातचीत करने या उन्हें परेशान करने के लिए बार-बार कॉल करते हैं। इन कॉलर्स के नंबर ट्रैक कर भविष्य में सीधा कानूनी एक्शन लिया जाएगा।

**कैसे फर्जी कॉल्स बिगाड़ रहे सिस्टम** - 108 कॉल सेंटर की हर लाइन कुछ सेकेंड के लिए व्यस्त होती है। एक झूठे कॉलर के कारण असली मरीज की कॉल मिस हो जाती है। एम्बुलेंस को 50-60 किमी तक झूठी सूचनाओं के चलते दौड़ लगानी पड़ती है।

# पदोन्नति के इंतजार में गड़बड़ाया पदों का आरक्षण

**इंदौर** ◫ **इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

मध्य प्रदेश में पदोन्नति में आरक्षण पर रोक और कोर्ट में लंबे समय से चल रही सुनवाई के बीच प्रशासनिक ढांचा गड़बड़ा गया है। स्थिति यह है कि मंत्रालय में अवर सचिव के 80 प्रतिशत पद पर आरक्षित वर्ग के अधिकारी पदस्थ हैं। कई विभागों में स्थिति ठीक नहीं है। पीडब्ल्यूडी में वर्ष 2035 तक मुखिया एसटी-एसटी वर्ग के ही होंगे। जल संसाधन विभाग में भी यही स्थिति है।

ऐसे कई विभाग हैं जहां पदोन्नति का इंतजार करते हुए अधिकारी सेवानिवृत्त हो गए और कई वरिष्ठ अधिकारी कनिष्ठ के नीचे काम कर रहे हैं। दरअसल, मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने अप्रैल 2016 में मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम-2002 निरस्त कर दिया था, इस नियम के अनुसार एसटी वर्ग के कर्मचारियों को पदोन्नति में 20 प्रतिशत और एससी वर्ग के कर्मचारी को 16 प्रतिशत पदों परं आरक्षण उपलब्ध कराया गया था। हाई कोर्ट ने इसे समानता के अधिकार के विपरीत बताते हुए खारिज कर दिया था। तभी से आरक्षित और अनारक्षित वर्ग के बीच संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव सरकार ने पदोन्नति के नए नियम बनाए लेकिन वह भी हाई कोर्ट ने स्थगित कर दिए हैं। इस कानूनी दांवपेच के कारण अब तक लगभग एक लाख कर्मचारी बिना पदोन्नति के सेवानिवृत्त हो चुके हैं। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार से क्वांटिफायबल डेटा सीलबंद लिफाफे में मांगा था। हाई कोर्ट ने सरकार द्वारा प्रस्तुत क्वांटिफायबल डेटा पर भी असहमति जताई है। रिपोर्ट को तीन प्रकार से बनाया है। पदों की गणना वर्ष 2016 की स्थिति में हुई और वर्ष 2025 की स्थिति में बताई गई है।



मंत्रालय सेवा अधिकारी/कर्मचारी संघ के अध्यक्ष इंजीनियर सुधीर नायक ने कहा कि अनारक्षित वर्ग के लिए पदोन्नति में 36 प्रतिशत पद सुरक्षित किए जाने पर कोई आपत्ति नहीं है। बस, नियम ऐसे बनाए जाएं कि सभी वर्ग अपनी-अपनी श्रेणी में ही आगे बढ़े। नायक ने कहा कि उच्च पदों पर आरक्षित वर्ग के कर्मचारियों का प्रतिशत लगभग शत प्रतिशत हो जाने से प्रशासनिक ढांचा चरमरा गया है। मंत्रालय में अवर सचिव के 65 पदों में से 58 पदों पर आरक्षित वर्ग के अधिकारी थे। पीडब्ल्यूडी और पीएचई में ईएनसी के सारे पदों पर आरक्षित वर्ग के अधिकारी हैं। ऐसे न जाने कितने प्रसंग हैं जब किसी अधिकारी का पीए बाद में उसी अधिकारी से वरिष्ठ हो गया। कई शर्तें नियुक्ति में आरक्षण के लिए नहीं हैं परंतु पदोन्नति में आरक्षण के लिए हैं।

# मेडिकेप्स की बसे शहर की सड़कों के लिए बना यमदूत वाहन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ◫ इंदौर के एमजी रोड इलाके में मेडिकेप्स की बस ने शुक्रवार देर शाम अपने घर जा रहे बाइक सवार दो दोस्तों को टक्कर मार दी। बस का पहिया एक दोस्त के सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को अस्पताल भेजा गया है। वहीं शव को मॉर्चुरी में रखवाया है। इधर, बस ड्राइवर को लोगों ने पकड़ लिया और जमकर पीटा। इसके बाद उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

**एक ही कंपनी में करते थे काम** - परिवार के लोगों के मुताबिक, प्रेमकुमार और देवीलाल एक कंपनी में काम करते हैं। यहां प्रेमकुमार ट्रक ड्राइवर है, जबकि देवीलाल कंपनी में सुपरवाइजर था। देवीलाल मूल रूप से विदिशा का रहने वाला था। हालांकि, उसके परिवार से पुलिस का संपर्क नहीं हुआ है। पुलिस ने टक्कर मारने वाली बस को जब्त कर लिया है।

**बड़ा गणपति पर भी हुआ था हादसा** - इसी कॉलेज की बस से दो महीने पहले बड़ा गणपति पर भी हादसा हुआ था। जिसमें एक छात्रा और एक अन्य निजी कंपनी में कार्यरत व्यक्ति की मौत हो गई थी। जबकि इस हादसे में एक अन्य छात्रा सहित ऑटो ड्राइवर और एक एक्टिवा सवार घायल हुए थे।

# बहुत जल्द चलेगी इंदौर से रीवा की फ्लाइट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** सामाजिक संस्था विंध्याचल सोशल ग्रुप इंदौर के अध्यक्ष आर पी शर्मा सचिव दिलीप मिश्रा व मीडिया प्रभारी डॉ आर एन मिश्रा ने बताया कि ग्रुप के द्वारा पिछले कई वर्षों से इंदौर रीवा के बीच फ्लाइट चलाने की मांग की जा रही थी। जो अब मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला जी के अथक प्रयासों से पूर्ण होने जा रही है। इंदौर रीवा विमान चलने से विंध्य क्षेत्र में विकास के साथ साथ नए उद्योग धंधे खुलेंगे।द्य व्यापार,व्यवसाय करने में सुविधाएं प्राप्त होगी। युवाओं में रोजगार के नए अवसर खुलेंगे । विंध्याचल सोशल ग्रुप के सचिव दिलीप मिश्रा व मीडिया प्रभारी डॉ आर एन मिश्रा ने बताया कि रीवा एयरपोर्ट से ए टी आर 72 विमान के संचालन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। जबलपुर से एलायंस एयर का 72 सीटर विमान का मंगलवार 29 अक्टूबर को सफल ट्रायल किया गया। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार ट्रायल पूरी तरह सफल रहा। अब नियमित उड़ानों का रास्ता खुल गया है। संभावना है कि नवम्बर माह के आखिरी में या दिसंबर माह से 72 सीटर विमान उड़ान भरेगा। सूत्रों के अनुसार मध्यप्रदेश सरकार द्वारा एलायंस एयर इंडिगो को एलओए जारी किया है ,जिसके तहत इंदौर रीवा उड़ाने जल्द शुरू होगी। इंदौर रीवा फ्लाइट स्वीकृत होने एवं उसको मूर्तरूप देने के लिए सामाजिक संस्था विंध्याचल सोशल ग्रुप इंदौर ने उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला जी का आभार माना है। साथ ही इंदौर सांसद शंकर लालवानी जी ने भी पूर्व में उड्डयन मंत्री जी को इंदौर रीवा फ्लाइट हेतु पत्र लिखा था। ग्रुप के लोगों ने उनका भी आभार माना है। डॉ आर एन मिश्रा ने कहा कि यह केवल एक विमान की उड़ान नहीं बल्कि विंध्य के सपनो की उड़ान है विंध्य के विकास की उड़ान है। साथ ही डॉ आर एन मिश्रा ने कहा कि अभी भी लाखों विंध्य वासियों की एक मांग रेलवे की सुस्ती के कारण अधूरी है। विंध्याचल ग्रुप से जुड़े लाखों लोग चाहते है कि अम्बेडकर नगर इंदौर रीवा ट्रेन जो अभी सप्ताह में तीन दिन चलती है,उसको नियमित किया जाए। या की रीवा भोपाल साप्ताहिक ट्रेन को नियमित कर इंदौर के अम्बेडकर नगर या लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन तक चलाया जाए।




उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला जी के अनुसार रीवा एयर पोर्ट की निम्न खासियत है।
20 अक्टूबर 2024 को लोकार्पित रीवा एयर पोर्ट 305 एकड़ में फैला हुआ है।
1800 मीटर लंबा व 30 मीटर चौड़ा रनवे आधुनिक टर्मिनल बिल्डिंग है।
एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावर फायर स्टेशन, एप्रेन सुविधा।
दो विमान पार्किंग स्लॉट ,नाइट लैंडिंग की सुविधा,रिंग रोड से सीधा कनेक्शन
वर्तमान में रीवा से फ्लाई ओला और फ्लाई विंग एयरलाइंस की सेवाएं भोपाल,जबलपुर सिंगरौली व खजुराहो के लिए संचालित है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत हुआ जनजागरूकता का कार्यक्रम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** 'तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0' के अंतर्गत इंदौर के गवर्नमेंट जीजा बाई हॉस्टल में विद्याथियों को मौखिक स्वच्छता एवं तम्बाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। 'तम्बाकू मुक्त युवा अभियान' के अंतर्गत जिला अस्पताल इंदौर में कार्यरत दंत चिकित्सक डॉ. तृप्ति सिंह भाटी एवं डीआईसी दंत चिकित्सक डॉ. नीति पंडित द्वारा विद्यालयीन छात्राओं एवं किशोरियों को मौखिक स्वच्छता के महत्व एवं तम्बाकू उत्पादों से होने वाले हानिकारक प्रभावों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के नोडल अधिकारी डॉ. पारस रावत ने विद्यार्थियों को तम्बाकू सेवन से उत्पन्न मुख कैंसर, दांतों के दाग, मसूड़ों की बीमारी और दंत क्षरण जैसी समस्याओं के बारे में जागरूक किया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने 'तम्बाकू मुक्त जीवन' की शपथ ली और यह संकल्प लिया कि वे स्वयं भी तम्बाकू से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे। इस जन जागरूकता पहल का उद्देश्य युवाओं में तम्बाकू विरोधी चेतना को बढ़ावा देना और एक स्वस्थ, तम्बाकू मुक्त भारत का निर्माण करना है।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक शनिवार को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक एक नवम्बर को दोपहर 3 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में आयोजित की गई है। इस बैठक में यातायात सुधार से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### ट्रिक ऑर ट्रीट' का समय – आशिर्वाद के बच्चों ने मनाया हैलोवीन उत्सव!



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** आशिर्वाद विला सोसाइटी के बच्चों ने शुक्रवार शाम बड़े उत्साह और उल्लास के साथ हैलोवीन मनाया। भूत, चुड़ैल, सुपरहीरो और नन्हे राक्षसों के रूप में सजे बच्चों ने 'ट्रिक ऑर ट्रीट!' कहते हुए घर-घर दस्तक दी और सोसाइटी में हँसी और मस्ती का माहौल बना दिया। निवासियों ने बच्चों का गर्मजोशी से स्वागत किया और चॉकलेट व टॉफियों से उनकी शाम को मीठी और यादगार बना दिया। सभी परिवारों की सक्रिय भागीदारी ने समुदाय की एकता और अपनत्व की सुंदर मिसाल पेश की। मज़ाक, मिठास और मस्ती से भरी यह शाम आशिर्वाद विला के लिए सच्चे अर्थों में 'हैलोवीन नाइट' बन गई।

### सेवानिवृत्ति पर रामनारायण यादव का फेडरेशन ने किया अभिनंदन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** आज 31 अक्टूबर को मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की सेवा पूर्ण कर लाईन इंस्पेक्टर पद से रामनारायण यादव को सेवानिवृत्त होने पर मप्र विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन इंदौर कार्यालय ऊर्जा परिसर पोलो ग्राउंड इंदौर पर फेडरेशन द्वारा अभिनंदन किया गया। इस मौके पर फेडरेशन इंदौर के झोनल सेक्रेट्री एन के यादव, झोनल सेक्रेट्री ट्रांसमिशन कंपनी जे एल जोशी, वरिष्ठ पदाधिकारी एन के जैन, संविदा ठेका श्रमिक संघ इंटक ग्वालियर शाखा इंदौर क्षेत्र के अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार मिश्रा, वृत सचिव आत्माराम खरेडिया, विजय यादव, अनिल यादव, मदन बौरासी सहित अन्य साथी कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त श्री यादव का पुष्पमालाएं पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया व बधाई व शुभकामनाएं दी तथा फेडरेशन के प्रदेश प्रवक्ता मदन वर्मा माणिक ने श्री यादव को जन्मदिन व सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की व दीर्घायु होने की शुभेच्छाएं व्यक्त की ।

### श्रीविद्याधाम पर आज तुलसी विवाह

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में देव उठनी एकादशी के उपलक्ष्य में आश्रम परिसर स्थित शालिग्राम मंदिर पर शनिवार 1 नवंबर को गोधूलि बेला में तुलसी शालिग्राम विवाह संपन्न होगा। आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि इस अवसर पर तुलसी-शालिग्राम का दूल्हा-दुल्हन के रूप में श्रृगार कर विवाह मंडल सजाया जाएगा, बारात भी निकलेगी और महिलाओं द्वारा बधाई गीत भी गाये जाएँगे।

## क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना की बैठक,युवक-युवती परिचय सम्मेलन 21 को



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 21 दिसंबर को आईटीआई के पास स्थित महाकाल गार्डन पर आयोजित होगा। इसकी कमान महिलाओं के हाथ में होगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठकों का दौर शुरू हो गया है। बैठक में कई विषयों पर चर्चा हुई।सोमवार को क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना के पदाधिकारियों की बैठक स्नेहलतागंज स्थित संस्था के कार्यालय पर आयोजित की गई। इसमें सभी पदाधिकारियों के साथ ही महिलाएं और युवतियां भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुई।

श्री क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रकांत कुंजीर, मिलिंद दीघे और स्वाति मोहिते ने बताया कि नवनिर्माण सेना द्वारा आयोजित इस परिचय सम्मेलन की तैयारियों का दौर शुरू हो गया है। 21 दिसंबर को होने वाले हाईटेक युवक-युवती परिचय सम्मेलन के लिए शहर के साथ-साथ अन्य प्रदेशों की भी प्रविष्टियां प्राप्त होना शुरू हो चुकी है। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना द्वारा आयोजित परिचय सम्मेलन की कमान महिलाओं के हाथों में दी जाएगी। परिचय सम्मेलन में सभी व्यवस्थाएं महिलाएं ही संभालेंगी। परिचय सम्मेलन के लिए महिलाओं की समितियों का गठन कर सभी को जिम्मेदारियां सौंपी जा चुकी है। सेना के पदाधिकारी कार्यालय स्थल पर भी युवक-युवतियों के फार्म जमा होना शुरू हो चुके हैं। मराठा समाज के उच्च शिक्षित युवक-युवतियों की प्रविष्टियां प्राप्त हो रही हैं। सोमवार को ही बैठक में निर्णय लिया गया कि परिचय सम्मलेन में एक बहुरंगी स्मारिका का प्रकाशन भी किया जाएगा।

## अहिल्या बाई होलकर के जन्मोत्सव पर डाक विभाग द्वारा प्रथम दिवस आवरण का लोकार्पण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर के 300वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मुख्य डाकघर इंदौर द्वारा प्रथम दिवस आवरण का लोकार्पण एवं विरूपण इंदौर परिक्षेत्र की पोस्ट मास्टर जनरल श्रीमती प्रीति अग्रवाल, प्रवर अधीक्षक शिवांशु कुमार, वरिष्ठ फिलेटेलिक संग्राहक रविन्द्र नारायण पहलवान तथा न्यू मिस्मेटिक रिसर्च ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मुद्रा शास्त्री गिरीश शर्मा आदित्य के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस आवरण का डिजाईन और कलात्मक संयोजन फिलाटेलिस्ट महेश रामचंदानी एवं आर्यन रामचंदानी ने तैयार किया है। जीपीओ स्थित मुख्य डाकघर पर आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथियों को डाक विभाग द्वारा स्मृति चिन्ह के रूप में उपहार स्वरूप पौधे भेंट किये गए। इस मौके पर आदित्य ने अपनी मुद्रा पुस्तक भी अतिथियों को भेंट की। श्रीमती अग्रवाल ने अपने संबोधन में देवी अहिल्या के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और विशेष आवरण के लिए रामचंदानी को बधाई दी। फिलेटेलिक संग्राहक पहलवान ने बताया कि देवी अहिल्या ने पुणे और महेश्वर के बीच पहली बार डाक सेवा प्रारंभ की थी । आदित्य ने भी देवी अहिल्या के पुण्य कार्यों की सराहना करते हुए उनके आदर्श सेवा कार्यों का उल्लेख किया।



### अग्रवाल समाज हाईवे क्षेत्र की मेजबानी में शुरू हुआ तुलसी विवाह, मेहमानों ने लगाई मेहँदी-हल्दी, आज शाम बाना और सात फेरे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** अग्रवाल समाज हाइवे क्षेत्र एवं वरुण विक्ट्री रहवासी संघ के तत्वाधान में शुक्रवार को तुलसी विवाह के दो दिवसीय आयोजन का शुभारंभ गणेश पूजन एवं तत्पश्चात हल्दी, बान, सांकड़ी राखी एवं मेंहदी उत्सव के साथ हुआ। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मुख्य यजमान निकिता-अंकुर अग्रवाल के साथ मेहँदी की रस्म संपन्न की। संगठन के संस्थापक अरविन्द बागड़ी ने बताया कि वरुण विक्ट्री परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में सतीश गोयल हरसूद, विकास मित्तल, नारायण एरन, मनीष अग्रवाल तासि, राजा पुरोहित, राजेंद्र गुप्ता रेलवे, निखार बंसल, अशोक राय, मोहन गर्ग सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु शामिल हुए।

### जिझौतिया ब्राह्मण समाज का अन्नकूट एवं समाजरत्न अलंकरण समारोह कल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** श्री जिझौतिया ब्राह्मण समाज इंदौर इकाई उत्सव समिति के तत्वावधान में अन्नकूट महोत्सव, 56 भोग, पुष्पबंगला एवं जिझौतिया रत्न अलंकरण समारोह – 2025 का आयोजन रविवार 2 नवंबर को शाम 7 बजे से बड़ा गणपति स्थित हंसदास मठ प्रांगण पर होगा। समाज के इंदौर इकाई के अध्यक्ष पं. दिनेश पुरोहित, सचिव अशोक रिछारिया एवं सुनील मिश्रा ने बताया कि इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी रामगोपालदास के सानिध्य एवं महापौर पुष्यमित्र भार्गव के मुख्य आतिथ्य में राष्ट्रकवि पं. सत्यनारायण सत्तन एवं राज्य शासन के म.प्र. परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पं. विष्णु राजोरिया विशिष्ट अतिथि होंगे। विद्याधाम के पं. दिनेश शर्मा, आचार्य पं. रामचंद्र शर्मा वैदिक, पार्षद पं. अभिषेक बबलू शर्मा, पं. राकेश चतुर्वेदी भोपाल, पं. संदीप तिवारी भोपा एवं विश्व ब्राह्मण समाज संघ के अध्यक्ष पं. योगेन्द्र महंत विशेष अतिथि होंगे।

### महाप्रचंड हनुमान मंदिर पर 2 दिवसीय अन्नकूट महोत्सव 3 नवंबर से होगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** माली मोहल्ला, एमओजी लाइन्स स्थित श्री महाप्रचंड हनुमान मंदिर पर संत श्री लादुनाथजी महाराज गुरु आश्रम न्यास समिति (ट्रस्ट) के तत्वावधान में मालवा, निमाड़ एवं मेवाड़ के तपोनिष्ठ संत ब्रह्मलीन सद्गुरु लादुनाथ महाराज की प्रेरणा से महादेवजी का स्थापना दिवस एवं दो दिवसीय 26वां चातुर्मास समापन उत्सव 3 एवं 4 नवंबर को आयोजित होगा। 3 नवंबर सोमवार को त्रयोदशी पर सुबह 7 बजे महामृत्युंजय अनुष्ठान की पूर्णाहुति तथा प्रात: 9 बजे से अखंड रामायणपाठ का शुभारंभ होगा।

### विहिप एवं बजरंगदल ने तीन दिनों तक चलाया जिले के ग्रामीण अंचलों में गौसेवा के प्रति जागरूकता अभियान



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल इंदौर, गौरक्षा विभाग महानगर द्वारा गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में 28 से 30 अक्टूबर तक जिले के विभिन्न गांवों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके तहत इंदौर महानगर, महू, सांवेर सहित 6 जिलों एवं 43 प्रखंडों में गौपूजन, अन्नकूट, गौभक्त सम्मेलन, संगोष्ठी, गौवंश की शोभायात्रा जैसे कार्यक्रमों से गौवंश के प्रति चेतना जागृत करने का अभियान चलाया गया, इनमें गौभक्त महिलाओं, दुर्गावाहिनी, मातृशक्ति ने भी पूरे उत्साह के साथ अपनी भागीदारी दाढ़ कराई। इंदौर गौरक्षा विभाग प्रमुख योगेश होलानी, यज्ञेश राठी एवं प्रवीण दरेकर ने बताया कि जिले के गौभक्तों, महिला मंडलों, मठ-मंदिरों, गौशाला संचालकों के सहयोग से जिले के गंगाजल खेड़ी, सिकंदरी, कोदरिया, देवधरम टंकी आदि गांवों में विभिन्न कार्यक्रम किए गए। गायों को सजाकर घर-घर उनकी पूजा की गई। दुर्गा वाहिनी की संयोजक स्वाति मालवीय के निर्देशन में सभी महिलाओं एवं युवतियों को गौमाता की सेवा के लिए प्रेरित किया गया।

### रन फॉर यूनिटी के तहत खुड़ैल क्षेत्र में एकता दौड़ आयोजित



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम के तहत आज थाना खुडैल क्षेत्र के ग्राम बढियाकीमा में एकता दौड़ का आयोजन किया गया सभी ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ ली। इसके उपरांत संघवी इनोवेटिव कॉलेज रोड से आरंभ हुई एकता दौड़ सांघि फार्म – बढियाकीमा तक पहुंचकर पुन: प्रारंभिक स्थल पर समाप्त हुई। दौड़ में लगभग 100 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर अधिकारियों ने युवाओं से राष्ट्रीय एकता, सद्भाव और सामाजिक समरसता बनाए रखने का आह्वान किया कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक इंदौर ग्रामीण के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महू एवं अनुविभागीय अधिकारी, सांवेर के निर्देशन में संपन्न हुआ, कार्यक्रम में थाना प्रभारी खुडैल व चौकी प्रभारी कम्पेल एस.आई. सत्येंद्र सिंह सिसोदिया एव समस्त पुलिस स्टाफ, रघुकुल डिफेंस अकादमी के मेंटर एन.एस.जी. कमांडो (से.नि.) सूबेदार रघुवीर सिंह चौहान अकादमी के प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं, ग्राम रक्षा समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### सरदार पटेल, राष्ट्रहित प्रथम के विचार पर सदैव अडिग रहे- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के दूरदर्शी नेतृत्व, अटूट इच्छाशक्ति और अदम्य देश भक्ति ने आज़ादी के बाद बिखरे हुए भारत को एक सूत्र में बांधने के लिए 562 रियासतों का विलय कराया। भारत को एक राष्ट्र में संगठित करने का उनका कार्य इतिहास की सबसे उल्लेखनीय प्रशासनिक उपलब्धियों में गिना जाता है। अपने विशिष्ट व्यक्तित्व में कठोरता और करुणा का अद्भुत संगम लिए वे जहाँ एक ओर राष्ट्रहित प्रथम के पक्ष पर सदैव अडिग थे, वहीं देश की जनता के प्रति वे गहरी संवेदना रखते थे। वे जनता की नब्ज़ समझते थे। सरदार पटेल ने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि सच्चा नेतृत्व, स्पष्ट वक्तव्य, निर्णायक कार्यों, स्थिर बुद्धि, लौह संकल्प और शक्तिशाली निर्णयों से पहचाना जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर 'एक दौड़ देश की एकता और अखंडता के लिए रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के अवसर पर शौर्य स्मारक में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपस्थितजन को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई और रन फॉर यूनिटी को झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और भारत माता एवं सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर देश भक्तिपूर्ण गीतों की धुनें प्रस्तुत की गईं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरदार पटेल मूलत: एक साधारण किसान परिवार से थे।

## सीडीजीआई इंटर स्कूल मीट 2.0 का हुआ शुभारंभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** चमेली देवी समूह संस्थानों द्वारा आयोजित CDGI Inter School Sports Meet 2.0 का आज भव्य शुभारंभ हुआ। यह चार दिवसीय खेल महोत्सव खिलाड़ियों के जोश और उत्साह के साथ प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पद्मश्री डॉ. सत्येंद्र सिंह लोहिया, अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक तैराक, ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि 'एक सच्चा खिलाड़ी कभी हार नहीं मानता, चाहे परिस्थितियाँ कितनी भी विपरीत क्यों न हों।'

कार्यक्रम में संस्था की मैनेजमेंट प्रतिनिधि श्रीमती अनुशा अग्रवाल, निरीक्षक राधा जमोद (नारकोटिक्स विंग, एमपी पुलिस), एसआई शिवम ठाकुर, संस्था के प्राचार्य डॉ. मनीष श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस आयोजन में इंदौर के लगभग 2000 से अधिक स्कूल खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान विजेताओं को ?5 लाख की इनामी राशि प्रदान की जाएगी। संस्था की ओर से सभी खिलाड़ियों को नि:शुल्क टी-शर्ट, प्रमाणपत्र, भोजन और परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। खेल महोत्सव की शुरुआत कबड्डी, वॉलीबॉल और क्रिकेट मुकाबलों से हुई, जिनमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम का संचालन खेल अधिकारी श्री जामिल खान ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन प्रो. अर्पित जायसवाल द्वारा किया गया। यह चार दिवसीय खेल आयोजन न केवल खेल भावना को प्रोत्साहित करेगा बल्कि छात्रों में टीमवर्क, अनुशासन और आत्मविश्वास को भी सुदृढ़ करेगा।



सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, शनिवार 01 नवंबर 2025

## न्यूज इन ब्रीफ

### समग्र जैन श्वेताम्बर तपागच्छ श्रीसंघ इंदौर का दूसरा महाधिवेशन कल दलालबाग स्थित नवरत्न वाटिका में

**इंदौर** ● समग्र जैन श्वेताम्बर तपागच्छ श्रीसंघ इंदौर का द्वितीय महाधिवेशन रविवार 2 नवंबर को सुबह 10 बजे से किला मैदान रोड स्थित दलाल बाग 'नवरत्न वाटिका' पर प.पू. आचार्य भगवंत विश्व रत्न सागर म.सा., प.पू, आचार्य विजय पीयूष भद्र सूरीश्वर, आचार्य देवेश नयचंद्र सागर म.सा., आचार्य मृदुरत्न सागर म.सा. एवं पन्यास प्रवर चंद्रयश विजय म.सा. तथा शहर में विराजित साधु, साध्वी, भगवंतों की पावन निश्रा में होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश बांगानी, कार्याध्यक्ष पुण्यपाल सुराना, संयोजक कैलाश नाहर एवं महासचिव यशवंत जैन ने बताया कि श्रीसंघ का गठन आचार्य डॉ. मुक्ति सागर म.सा., आचार्य अचल मुक्ति सागर म.सा., नूतन आचार्य पद्मचंद्र सागर म.सा. एवं मुनि प्रवर ऋषभचन्द्र म.सा. की प्रेरणा से किया गया है, जिसका पहला अधिवेशन गत 20 अप्रैल को हुआ है। अब दूसरा अधिवेशन रविवार 2 नवंबर को दलाल बाग स्थित नवरत्न वाटिका पर होने जा रहा है, जिसमें समग्र जैन श्वेताम्बर देवसूर तपागच्छ के समस्त गच्छाधिपति, प्रवर समिति एवं आचार्य-भगवंतों द्वारा अनुसंषित समग्र पदाधिकारी एवं शहर के सभी जैन श्रीसंघों के प्रतिनिधि दीप प्रज्वलन पर इसका शुभारंभ करेंगे। आयोजन से जुड़े शेखर गेलड़ा, भरत कोठारी, पुंडरिक पालरेचा, हेमंत डोसी, अरविन्द डोसी एवं संजय नाहर ने सभी श्रीसंघों से महाधिवेशन में शामिल होने का आग्रह किया है।

### साजन नगर में नवनिर्मित खाटू श्याम बाबा के दिव्य मंदिर में हुआ शीश की प्रतिमा का जलाधिवास

**इंदौर** ● नवलखा स्थित साजन नगर में भक्तों से सहयोग से खाटू श्याम बाबा एवं भगवान नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को आचार्य पं. पुरुषोत्तम भारद्वाज के सानिध्य में मंडल स्थापना के साथ हुआ। मुख्य महोत्सव शनिवार को सुबह 11 से 12.30 बजे अभिजीत मुहूर्त में होगा, जब मंदिर में जयपुर से बुलवाई गई खाटू श्याम बाबा के शीश की प्राण-प्रतिष्ठा और प्रतिमा में आध्यात्मिक ऊर्जा का आह्वान भी होगा। आयोजन के प्रमुख सुरेश रामपीपलिया एवं साजन नगर रहवासी संघ के अध्यक्ष सुजीत शर्मा ने बताया कि इंदौर श्याम प्रेमी संघ के तत्वावधान में इस अवसर पर प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व आज सुबह आचार्य पं. पुरुषोत्तम भरद्वाज के मार्गदर्शन में विद्वानों द्वारा मंडल स्थापना, प्रतिमाओं के जलाधिवास सहित दिव्य विधान किए गए। शनिवार को अन्नाधिवास, फलाधिवास सहित विधि-विधान के साथ श्याम बाबा के शीश की आध्यात्मिक ऊर्जा का आह्वान भी होगा।

### कलयुग में मित्रता को नए सिरे से परिभाषित करने की जरूरत-पं. ऋषभदेव

**इंदौर** ●ऊंचे पदों पर बैठे लोगों को अपने बाल सखाओं के दुख-दर्द में भागीदार बनने का संदेश भी इस प्रसंग से मिलता है। यह भारत भूमि का ही पुण्य प्रताप है कि यहां कृष्ण जैसे राजा और सुदामा जैसे स्वाभिमानी ब्राह्मण हुए। राजमहलों के दरवाजे झोपड़ी में रहने वालों के लिए जिस दिन खुल जाएंगे, उस दिन देश का प्रजातंत्र सार्थक हो उठेगा। कलयुग में मित्रता को नए सिरे से परिभाषित करने की जरूरत है। कृष्ण और सुदामा की मित्रता का दुनिया में कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। ये दिव्य विचार हैं बालव्यास भागवताचार्य पं. ऋषभदेव महाराज बनारस वालों के, जो उन्होंने सुदामा नगर सेक्टर ए स्थित रामजी सदन, दत्त मंदिर के पास चल रहे संगीतमय भागवत ज्ञान यज्ञ के दौरान उपस्थित भक्तों को कृष्ण-सुदामा मिलन एवं परीक्षित मोक्ष प्रसंगों की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए। कृष्ण-सुदामा मिलन का जीवंत और भावपूर्ण उत्सव देखकर अनेक आँखे सजल हो उठी। कथा शुभारंभ के पूर्व व्यास पीठ का पूजन श्रीमती सोना संजय पांडे, विकास मिश्रा, अजय पांडे, मनोहर तिवारी, कमल देराश्री, प्रदीप पांडे, घनश्याम मिश्रा, दिनेश वाजपेयी, ललित कुमार, कुसुमलता विद्यार्थी, वैशाली तरुण गावड़े आदि ने किया।

### महाप्रचंड हनुमान मंदिर पर 2 दिवसीय अन्नकूट महोत्सव 3 नवंबर से होगा

**इंदौर** ●माली मोहल्ला, एमओजी लाइन्स स्थित श्री महाप्रचंड हनुमान मंदिर पर संत श्री लादुनाथजी महाराज गुरु आश्रम न्यास समिति (ट्रस्ट) के तत्वावधान में मालवा, निमाड़ एवं मेवाड़ के तपोनिष्ट संत ब्रह्मलीन सद्गुरु लादुनाथ महाराज की प्रेरणा से महादेवजी का स्थापना दिवस एवं दो दिवसीय 26वां चातुर्मास समापन उत्सव 3 एवं 4 नवंबर को आयोजित होगा। आश्रम के महंत रामकिशन महाराज के सनिध्य में पुजारी योगेश एवं सचिन सुईवाल ने बताया कि 3 नवंबर सोमवार को त्रयोदशी पर सुबह 7 बजे महामृत्युंजय अनुष्ठान की पूर्णाहुति तथा प्रातः 9 बजे से अखंड रामायणपाठ का शुभारंभ होगा। मंगलवार 4 नवंबर को बैकुंठ चतुर्दशी पर हवन-पूजन के साथ अखंड रामायणपाठ का समापन तथा महाप्रसादी का क्रम शुरू हो जाएगा। इस अवसर पर मालवा, निमाड़ एवं मेवाड़ क्षेत्र के संत महंत एवं श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

## सुपर स्पेशिएलिटी में पीआईसीयू का काम अंतिम दौर में

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● चूहा कांड के बाद एमवाय अस्पताल के पुराने पीआईसीयू को सरकारी सुपर स्पेशिएलिटी में एकाध हफ्ते में शिफ्ट कर दिया जाएगा। इसके लिए सुपर स्पेशिएलिटी में 50 बेड क्षमता का यूनिट तैयार हो रहा है। इसके साथ ही एमवाय अस्पताल के पुराने यूनिट को हर स्तर से मजबूत रिपेयर करवाया जाएगा। खासकर कि चूहे कहीं से भी न घुसे। इसके लिए पूरे विभाग के वार्डों में पेस्ट कंट्रोल करवाया जाएगा। अभी यहां नवजातों के एडमिट होने के कारण पेस्ट कंट्रोल करने में परेशानी है। इस मामले में हाई कोर्ट संज्ञान ले चुका है और यही कारण है कि अब पीआईसीयू की तैयारियां अंतिम दौर में है। सुपर स्पेशिएलिटी के नए पीआईसीयू में एमवायएच का पुराना स्टाफ तो रहेगा ही कुछ नए स्टाफ की भी वहां सेवाएं ली जाएगी। यह नया यूनिट सुपर स्पेशिएलिटी की दूसरी मंजिल पर बना है। यहां मच्छरों और चूहों को लेकर कोई परेशानी नहीं है। फिर भी इन पर नियंत्रण के लिए नए संसाधन लगाए जा रहे हैं।उधर, एमवाय अस्पताल में चूहों की सक्रियता का कारण उन्हें मिलने वाला भोज्य पदार्थ है। चूहा कांड के बाद एमवाय अस्पताल परिसर से जुड़े 9 गेट बंद कर दिए गए हैं। सिर्फ मुख्य सड़क के एक गेट से एंट्री दी जा रही है। वहां भी काफी कसावट है। बाहर से कोई भी खाद्य पदार्थ कोई अंदर न लाए इसे लेकर सख्ती की गई है।दरअसल इसके पूर्व यहां सामाजिक संस्थाएं मरीजों के परिजन को निःशुल्क भोजन वितरित करती थी। इस दौरान लोगों द्वारा जूठन छोड़ने से बाहर भी काफी चूहे हो गए थे। इसी तरह अस्पताल के अंदर भी वार्डों, गैलरी, कॉरिडोर में भोजन करते थे जिससे चूहों की संख्या बढ़ गई थी।



### सीएम के निर्देश के बाद साफ-सफाई पर जोर

दो माह से नियमित अंदर और बाहर पेस्ट कंट्रोल करने से चूहों की आवाजाही अब लगभग नहीं है। साथ ही एमजीएम से जुड़े सभी अस्पतालों में अब 15 दिन के बजाय हफ्ते में दो बास पेस्ट कंट्रोल किया जा रहा है। सभी फ्लोर और वार्डों में रोडेंट बाक्स चूहे पकड़ने के लिए लगा दिए हैं। खुद मुख्यमंत्री ने डेढ़ माह पहले यहां आयोजित कार्यक्रम में यहां की सफाई पर जोर देते हुए कहा था कि एमवाय अस्पताल प्रदेश का गौरव है, इसकी गरिमा बनी रहनी चाहिए।

### अटेंडर को भोजन के लिए अलग से जगह बनाई

डॉ. अरविंद घनघोरिया (डीन) ने बताया कि सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल में PICU का काम अंतिम दौर में है। एकाध हफ्ते में एमवायएच में एडमिट बच्चों को वहां शिफ्ट किया जाएगा। इसके साथ ही अब इस यूनिट से जुड़े नए मरीज (बच्चों) को सीधे वहीं एडमिट किया जाएगा। ऐसे ही एमजीएम से जुड़े आठ अस्पतालों के सुपरिटेंडेंट को आदेश दिया गया है कि वे शाम को भी दो घंटे अस्पताल में रहे और कामकाज की मॉनिटरिंग करें।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर देपालपुर में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन नगर में गूंजा एकता का संदेश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**देपालपुर** ●देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर देपालपुर नगर में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और समरसता का संदेश गूंज उठा। 31 अक्टूबर को मध्य प्रदेश के सभी जिलों और मुख्यालयों पर आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम के तहत देपालपुर में भी भव्य आयोजन हुआ, जिसमें नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत थाना परिसर से हुई, जहाँ से प्रतिभागियों ने हाथों में तख्तियाँ, बैनर और तिरंगे झंडे लेकर श्री 24 अवतार मंदिर तक दौड़ लगाई और पुनः थाना परिसर लौटे। पूरे मार्ग में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत ', 'वंदे मातरम्' और 'भारत माता की जय' जैसे नारों से वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया। थाना प्रभारी रंजीत सिंह बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन भारत की एकता और अखंडता के प्रति नागरिकों की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया। उन्होंने बताया कि थानों, स्कूलों, कॉलेजों, एनसीसी, स्काउट्स, सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों की सहभागिता से यह दौड़ एक प्रेरणादायक आयोजन बन गई कार्यक्रम में नगर के युवा, छात्र-छात्राएँ, शिक्षकगण, पुलिसकर्मी और गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दौड़ की समाप्ति पर थाना परिसर में सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई, जिसमें देश की अखंडता, विविधता में एकता और सांस्कृतिक समरसता को बनाए रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनका जीवन हमें दृढ़ता, नेतृत्व और राष्ट्रहित में समर्पण की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ



## श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज का अनूठा आयोजन 14 जोड़ों की बैंड-बाजे के साथ शोभायात्रा निकालकर किया अभिनंदन



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●13 वर्ष पूर्व समाजोत्थान न्यास द्वारा स्व. श्री आर.सी. शर्मा व स्व. वैद्य श्री चंडीप्रसाद त्रिवेदी के विचार से शुरू हुआ समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान समारोह गुरुवार को आंवला नवमी पर सुदामा नगर स्थित गौतमाश्रम में आयोजित किया गया। इस समारोह में उन समाज के उन वरिष्ठ दंपत्तियों का सम्मान किया गया जिन्होंने अपने विवाह के सफलतापूर्वक 50 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं। इस अनूठे आयोजन में मुख्य अतिथि अंतराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री नारायण व्यास तथा विशिष्ट अतिथि नगर सभा इंदौर के अध्यक्ष वीरेंद्र व्यास द्वारा समाज के कई वरिष्ठजनों की मौजूदगी में 14 जोड़ों को अभिनंदन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समाजोत्थान न्यास के अध्यक्ष श्री लक्ष्मीकांत व्यास ने बताया कि श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ समाजसेवी स्व. श्री आर.सी. शर्मा व स्व. वैद्य श्री चंडीप्रसाद त्रिवेदी ने इस आयोजन को अखिल भारतीय समाजोत्थान न्यास के अंतर्गत करने का फैसला किया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के उन वरिष्ठ दंपत्तियों के चेहरे पर फिर से प्रसन्नता लाना था, जो 50 वर्ष पूर्व आई थी।

## सेमदा में जनसहयोग से बच्चों को वितरित की गई गणवेश विदाई समारोह का हुआ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**देपालपुर** ● शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमदा में जनसहयोग से बच्चों को निःशुल्क गणवेश वितरित की गई। इस अवसर पर संकुल प्राचार्या सपना सिंह भदोरिया स्वयं उपस्थित रहीं और इस सराहनीय पहल के लिए सभी सहयोगियों को धन्यवाद प्रेषित किया। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए शिक्षकों को भी कर्तव्यनिष्ठ होकर कार्य करने की प्रेरणा दी। भावनात्मक लहजे में उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज का सशक्त आधार है। कार्यक्रम के दौरान शाला के वरिष्ठ शिक्षक दारासिंह कायत और मोहनलाल पटेल के सम्मानपूर्वक विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच गजराज बमोत्रिया सहित संजय चेतवानी, दिनेश परमार, रमेशचंद्र झालरिया, गजराज परमार, इंदर बमोत्रिया, गब्बू पहलवान, रमेश नकुम, शबद्रीलाल, विमल सिंगला, अंतर नरवलिया, शसंतोष ठाकुर, गोवर्धनलाल चौहान, भावसिंह बमोत्रिया, मोहन परमार, राजेन्द्र बमोत्रिया, चेतन बमोत्रिया, अनीश नकुम आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन आजाद पटेल ने किया। उन्होंने सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही शिक्षा को नई दिशा दी जा सकती है। गणवेश वितरण के इस आयोजन ने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और अभिभावकों के मन में संतोष

### भक्ति की गूंज और सम्मान समारोह प्रभात फेरी के माध्यम से नगर में भक्ति के गुज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**देपालपुर** ● नगर में शरद पूर्णिमा से लेकर कार्तिक पूर्णिमा तक प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में गूंजने वाले भक्ति भजन 'भोर भई अब भज लो राम, रघुपति राघव राजा राम' के साथ प्रभातफेरी की ऐतिहासिक परंपरा इस वर्ष 99वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्र. महेश पुरी गोस्वामी ने अपने निज निवास पर प्रभातफेरी में सहभागी सभी धर्मवीरों का ससम्मान स्वागत एवं अभिवादन किया। इस भक्ति अभियान की नींव लगभग 98 वर्ष पूर्व पंडित राजा भाऊ दा साहब जोशी ने रखी थी। समय के साथ राधेश्याम सोनी, मोहनलाल सोनी, भगवान दादा, मोहन गुरु, जगन्नाथ सोनी, मांगीलाल भरावा, गेंदालाल माली, बाबू दादा केलवा जैसे अनेक श्रद्धालु इस परंपरा से जुड़ते गए। पिछले दो दशकों तक प्रेम मामा जोशी ने इसे निष्ठा से संभाला। उनके निधन के बाद अब बाली यादव, बलराम यादव, राजेश पूरी, विद्याशंकर तिवारी, भगवान दादा, देवीसिंह काकू, विजय गेहलोत, नितिन यादव, संदीप यादव, चंपू प्रजापत, विनोद राठौर, कालू गोस्वामी, कमल यादव, लाला राजपूत, टोनी यादव, तेजू भाई, गुड्डू प्रजापत समेत पूरी समिति इस परंपरा को आगे बढ़ा रही है।

## साहित्य-कला-संस्कृति का महोत्सव इंदौर लिटरेचर फेस्टिवल 14 नवंबर से

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● साहित्य, कला और संस्कृति के सबसे जीवंत और चमकदार उत्सव- 'इंदौर लिटरेचर फेस्टिवल' का 11वां सीजन आगामी 14-15-16 नवंबर को होने जा रहा है। अपने स्तरीय आयोजनों से यह फेस्टिवल देश ही नहीं दुनिया भर में इंदौर की नई पहचान बन चुका है।

फेस्टिवल के सूत्रधार प्रवीण शर्मा ने बताया कि इस तीन दिनी आयोजन में साहित्य, कला और संस्कृति विधा के सबसे प्रखर, प्रतिभावान और मौलिक मस्तिष्क भाग लेते हैं। फेस्टिवल डेली कॉलेज के धीरूभाई अंबानी सभागृह और सरोवर से सटे सुंदर लॉन में होगा। इसमें एक से बढ़कर एक सेलिब्रिटी भाग ले रहें हैं, जिन्हें देखने, सुनने, मिलने के लिए प्रशंसक पैसा देकर टिकट खरीदते हैं, लेकिन समाज को साहित्य-संस्कृति-कला के और करीब लाने के लिए इस आयोजन में निशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। तीन दिन तक डेली कॉलेज के सुरम्य वातावरण में कविता, कहानी के कमल खिलेंगे, गीत, गजल के सुरमई सुर महकेंगे, विचारों का उजाला हमारे मन-मस्तिष्क को रोशन करेगा और धारदार तर्क व मौलिक कल्पनाएं हर किसी को चमत्कृत कर देंगी।

## एमजीएम में आयोजित बिदाई समारोह

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आज एमजीएम मेडिकल कॉलेज और मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन एमजीएम के तत्वाधान में प्रदेश के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश पांडे की सेवानिवृत्ति के अवसर पर एमवाय अस्पताल के ऑडिटोरियम में विदाई समारोह का आयोजन किया गया । खचाखच भरे एमवाय ऑडिटोरियम में आयोजित आज के सेवानिवृत्त सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया, एमटीए अध्यक्ष डॉ. राहुल रोकड़े, एमटीए सचिव डॉ. अशोक ठाकुर, वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. नीलेश दलाल, डॉ. पूर्णिमा डे सरकार, डॉ. वी एस पाल, डॉ. सुमित शुक्ला, डॉ. धर्मेंद्र झंवर, डॉ. साधना सोडानी, डॉ. अरविंद शुक्ला, डॉ. डी.के. शर्मा, सुनील वर्मा ने डॉ. पांडेय के साथ बिताए समय के अपने संस्मरण सुनाए और उनको आगे के जीवन के लिए शुभकामनाएं दी ।



## ललेड़ीपुरा माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों ने शिक्षक चौहान की सेवानिवृति पर विदाई पार्टी देकर सम्मान किया



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शासकीय माध्यमिक विद्यालय ललेड़ीपुरा संकुल कन्या बेटमा में शिक्षक श्री रमेश चंद्र चौहान की सेवानिवृत होने पर विद्यालय के शिक्षकों ने एक समारोह आयोजित कर विदाई पार्टी दी एवं उनका साल श्रीफल एवं अन्य उपहार देकर सम्मान किया। विदाई समारोह के मुख्य अतिथि शासकीय शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं पुरानी पेंशन बहाली संघ के जिलाध्यक्ष श्री दिनेश परमार थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के पूर्व प्रधानाध्यापक प्रहलाद चौहान ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पत्रकार एवं बिल्डर्स राकेश चौहान व इंजीनियर दिनेश राजोरिया उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यानापक हरीश जाटव ने किया। इस अवसर पर रामेश्वर भंडोले, प्रकाश चंद्र बैरागी, आबिद अली, असद अली, श्रीमती पवित्रा मालवीय, संजीव अहिरवार, राधेश्याम जाटव प्रधान अध्यापक शासकीय प्राथमिक विद्यालय शंकरपुरा, बिशन सिंह भाबर, राधेश्याम यादव शासकीय प्राथमिक विद्यालय मोहना, महेश चौहान उन्नत प्राथमिक विद्यालय,अध्यक्ष प्रहलाद चौहान, सुनील मालवीय, राहुल चौहान आदि ने शिक्षक रमेश चौहान का स्वागत कर बधाई दी।



### अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री भगवान सिंह परमार जी से सौजन्य भेंट...

**इंदौर** ● महापौर सचिवालय पधारे भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री भगवान सिंह परमार जी का आत्मीय स्वागत-अभिनंदन कर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर श्री परमार जी को इंदौर नगर पालिक निगम द्वारा चलाए जा रहे झोलाधारी इंदौरी अभियान की किट भी भेंट की।

## साजन नगर में नवनिर्मित खाटू श्याम बाबा के दिव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का 2 दिनी महोत्सव आज से

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● नवलखा स्थित साजन नगर में भक्तों से सहयोग से खाटू श्याम बाबा एवं भगवान नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण कार्य संपन्न होने पर शुक्रवार 31 अक्टूबर एवं शनिवार 1 नवंबर को नवनिर्मित मंदिर में भव्य प्राण प्रतिष्ठा का दो दिवसीय दिव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के प्रमुख सुरेश रामपीपलिया ने बताया कि इंदौर श्याम प्रेमी संघ के तत्वावधान में इस अवसर पर प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व 31 अक्टूबर को आचार्य पं. पुरुषोत्तम भरद्वाज के मार्गदर्शन में विद्वानों द्वारा मंडल स्थापना, प्रतिमाओं के अन्नाधिवास, जलाधिवास एवं फलाधिवास सहित दिव्य विधान किए जाएँगे।

## सम्पादकीय

### साफ सड़कें चाहिए, पर हाथ गंदे नहीं करना – जब तक हम सुधरेंगे नहीं, वाराणसी जैसे शहर गंदगी में डूबे रहेंगे

वाराणसी में नगर निगम ने अपने सीमा क्षेत्र में गंदगी फैलाने, कूड़ा फेंकने और पान-गुटका खाकर थूकने पर जुर्माना लगाने की घोषणा की है। यह नागरिक चेतना के अभाव का ही उदाहरण है कि देश के कई राज्यों में सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई बनाए रखने के लिए स्वच्छता की नियमावली बनानी पड़ती है। थूकने और गंदगी फैलाने पर नगर निकायों को जुर्माना लगाने के लिए बाध्य होना पड़ता है। किसी भी समाज में यह एक अलिखित शिष्टाचार है कि नागरिक सामाजिक दायित्व का पालन करें। मगर यह निराशाजनक ही है कि अधिकतर लोग स्वच्छता के प्रति लापरवाह दिखाई देते हैं। लिहाजा, उन्हें सचेत करने के लिए जुर्माना लगाना पड़ता है। यह स्थिति तब है जबकि पिछले कई वर्षों से देश में लगातार स्वच्छता अभियान चलाए जाते रहे हैं। इस बार संसदीय क्षेत्र वाराणसी में नगर निगम ने अपने सीमा क्षेत्र में गंदगी फैलाने, कूड़ा फेंकने और पान-गुटका खाकर थूकने पर जुर्माना लगाने की घोषणा की है। सवाल है कि बार-बार इस तरह के कदम उठाने की जरूरत क्यों पड़ती है। क्या देश और समाज के प्रति नागरिकों की कोई जिम्मेदारी नहीं है? लोगों में सामुदायिक भावना का अभाव किसी भी समाज की एक निराशाजनक तस्वीर है। यही कारण है कि अक्सर लोग न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन करते, बल्कि सड़कों पर गंदगी फैलाते भी दिख जाते हैं। ऐसे लोग व्यक्तिगत सुविधा की तो चिंता करते हैं, लेकिन सामाजिक दायित्व भूल जाते हैं।

हालांकि साफ-सफाई के लिए जुर्माना वसूलने से पहले नगर निकायों को भी यह देखना चाहिए कि उन्होंने नागरिकों को कितनी और कैसी सुविधाएं दी हैं? अधिकतर बस्तियों और मोहल्लों में कूड़ा उठाने वाले वाहन समय पर नहीं आते। जरूरी जगहों पर जन सुविधा परिसरों का अभाव होता है या उनमें स्वच्छता का ध्यान नहीं रखा जाता। लंबी दूरी की सड़कों के किनारे कई पेट्रोल पंपों पर बने शौचालय या तो साफ नहीं होते या फिर उसका उपयोग आम लोगों को नहीं करने दिया जाता। इससे जरूरतमंद पुरुषों और महिलाओं को खासी दिक्कत होती है। अगर देश में स्वच्छता को लेकर चेतना की कमी है, तो इसके लिए समाज और शासन दोनों जिम्मेदार हैं। हम आज तक ऐसा समाज नहीं तैयार कर पाए, जिसमें हर नागरिक में उत्तरदायित्व का बोध हो और वह अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभाता दिखे।

**सीएम ब्लॉग**

# मध्यप्रदेश में निवेश, नवाचार और रोज़गार के संकल्प का अभ्युदय

मध्यप्रदेश आज अपनी स्थापना के 70वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। एक नवंबर 1956 को अस्तित्व में आये मध्यप्रदेश में विकास की नई यात्रा विगत दो दशकों से आरंभ हुई, जो प्रदेश को देश में अग्रणी राज्य बनाने की संभावनाओं तक पहुंच गई है। यह सुखद संयोग है कि आज देवउठनी ग्यारस के पावन अवसर पर राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हमारे तीज, त्यौहार और परंपराएं हमारी संस्कृति का आधार हैं। उत्सव के आनंद से ही भविष्य निर्माण के भाव निर्मित होते हैं। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि प्रदेश में सभी त्यौहारों को व्यापक स्वरूप में मनाया जा रहा है। अपने त्यौहारों का सांस्कृतिक संदर्भ ही हमें पुरातन से नूतन की प्रेरणा देता है।

हमारे लिए गर्व की बात है कि भारत का हृदय मध्यप्रदेश वन, जल, अन्न, खनिज, शिल्प, कला, संस्कृति, उत्सव और परंपराओं से समृद्ध है। हमें मां नर्मदा, चंबल, पार्वती, शिप्रा नदियों का सान्निध्य और बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त है। यह भगवान परशुराम की जन्मस्थली, भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षास्थली और आदि शंकराचार्य जी की तपोस्थली है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने चित्रकूट में लंबा समय व्यतीत किया है। इतिहास प्रसिद्ध राजा नल, भर्तृहरि, विक्रमादित्य की जन्म स्थली भी मध्यप्रदेश रही है। सम्राट विक्रमादित्य ने ही शकों के आतंक से भारत को मुक्त किया था। संसार की पहली वैज्ञानिक कालगणना 'विक्रम संवत' का आरंभ भी मध्यप्रदेश के उज्जैन से हुआ था।

मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि हम अपने ऐतिहासिक गौरव की दिव्यता और प्राकृतिक भव्यता के साथ विरासत से विकास की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत को विश्व में सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए विकसित भारत निर्माण का संकल्प दिया है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारा देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री जी के इस संकल्प को साकार करने और विकसित भारत निर्माण के लिए मध्यप्रदेश में निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश में उद्योग वर्ष मनाने के साथ राज्योत्सव की थीम 'उद्योग और रोज़गार' रखी गई है। इसमें प्रदेश के सतत विकास, सांस्कृतिक समृद्धि और जनभागीदारी का भाव है।

यशस्वी प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से हमें निवेश और औद्योगिक विकास की यात्रा को परिणाम में बदलने का अवसर प्राप्त हो रहा है। विविधता से समृद्ध मध्यप्रदेश के हर क्षेत्र की अपनी विशेषता, क्षमता और दक्षता है, जिसमें अनंत संभावनाएं हैं।



इसी को केन्द्र में रखकर हमने प्रदेश में रीजनल इन्वेस्टर्स समिट का नवाचार किया। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि प्रदेश के हर क्षेत्र का कौशल और उद्योग इसमें शामिल हुआ है। व्यापार को सरल बनाने और निवेशकों से सीधे संवाद के लिए हमने मार्च 2024 से उज्जैन से निवेश यात्रा शुरू की और फिर जबलपुर, ग्वालियर, सागर, रीवा, शहडोल, नर्मदापुरम, मुंबई, कोयंबटूर, बेंगलुरु, पुणे, दिल्ली, यूके, जर्मनी, जापान, दुबई तक इसे विस्तार दिया। विभिन्न सम्मेलनों, राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय रोड-शो के माध्यम से मध्यप्रदेश के निवेश में कई गुना वृद्धि हुई है।

निवेशकों को एक सक्षम, सरल और सुरक्षित वातावरण प्रदान किया गया है। प्रदेश में इनोवेशन हब, स्टार्टअप पॉलिसी, फंडिंग सपोर्ट और इन्क्यूबेशन नेटवर्क स्थापित कर देश की स्टार्टअप क्रांति को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।

मुझे यह बताते हुए खुशी है कि मध्यप्रदेश ने पिछले एक वर्ष में औद्योगिक निवेश के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों ने प्रदेश में निवेश के प्रति गहरी रुचि दिखाई है। खनिज कॉन्क्लेव में प्रदेश को 56 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले, जो खनिज नीति और प्रशासनिक सरलता का परिणाम हैं। आईटी पार्क, इलेक्ट्रॉनिक निर्माण इकाइयां और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भी निवेश को प्रोत्साहन मिला है।

मुझे यह बताते हुए हर्ष है कि प्रदेश एक ऐसे परिवर्तनकाल से गुजर रहा है जहां निवेश, नवाचार और रोज़गार आधार स्तंभ हैं। लगभग दो वर्षों में प्रदेश ने उद्योग, कृषि, दुग्ध उत्पादन, पर्यावरण, ऊर्जा और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियाँ अर्जित की हैं।

भारत के समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमें गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (ज्ञान) के सम्मान का मंत्र दिया है। विकास के इन आधार स्तंभ के अनुरूप प्रदेश विकास और कल्याण के लिए युवा शक्ति, गरीब कल्याण, किसान कल्याण और नारी सशक्तिकरण मिशन के तहत कार्य किया जा रहा है।

गरीब कल्याण मिशन में स्वरोज़गार और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, आवास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधा आदि की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश कौशल विकास मिशन और स्टार्टअप नीति 2025 ने युवाओं को जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर में परिवर्तित किया है। कौशल विकास मिशन के माध्यम से युवाओं को उद्योग-आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रोज़गार मेले, अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम और डिजिटल स्किल सर्टिफिकेशन जैसे प्रयास युवाओं को रोज़गार से जोड़ रहे हैं। रोज़गार सृजन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शासकीय और निजी क्षेत्रों में युवाओं के लिए स्थायी, कुशल और सम्मानजनक अवसर उपलब्ध किये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने शासकीय भर्ती का कैलेण्डर जारी किया और उसके अनुरूप भर्ती प्रक्रिया भी आरंभ हो गई है।

कृषि क्षेत्र को नवाचार के साथ सशक्त बनाने की दिशा में एक नई क्रांति का सूत्रपात हुआ है। प्रदेश सरकार ने ड्रोन आधारित फसल निरीक्षण, स्मार्ट सिंचाई प्रणाली और कृषि उत्पाद मूल्य संवर्धन पर विशेष फोकस किया है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और मुख्यमंत्री खेत-तालाब योजना सहित अन्य प्रयासों से किसानों के लिए सिंचाई क्षेत्र बढ़ाने का लगातार प्रयत्न किया जा रहा है। केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना से प्रदेश के किसानों को सिंचाई और पानी की सुविधा व्यापक स्तर पर उपलब्ध होगी। प्रदेश में सिंचाई का रकबा 52 लाख हेक्टेयर से अधिक हो चुका है। इसे दोगुना करने का लक्ष्य है। आगामी 3 वर्षों में सिंचाई क्षेत्र का रकबा 100 लाख हेक्टेयर करने की योजना है। कृषि उपज का प्रत्यक्ष भुगतान, ऑनलाइन मंडी व्यवस्था और जैविक खेती के प्रोत्साहन ने अन्नदाताओं की आय में वृद्धि की है। मध्यप्रदेश गेहूं, सोयाबीन, चना और मसालों के उत्पादन में अग्रणी प्रदेश हैं।

महिला सशक्तिकरण को आर्थिक स्वावलंबन से जोड़ने की दिशा में नारी शक्ति मिशन परिवर्तनकारी सिद्ध हो रहा है। लाड़ली बहना योजना के माध्यम से लाखों महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा मिली है। महिला उद्यमिता नीति के तहत महिलाओं को लघु उद्योग, डेयरी, हस्तशिल्प और सेवा क्षेत्र में अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। महिलाओं द्वारा संचालित स्व-सहायता समूह को वित्तीय सहायता और बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। यह मिशन नारी शक्ति ही नहीं बल्कि नये भारत की आधारशिला है।

गौ-धन हमारी अर्थव्यवस्था का स्थायी स्तंभ बने इसके लिए हमने गौ-संवर्धन और दुग्ध उत्पादन को आर्थिक नवाचार का केंद्र बनाया है। मुख्यमंत्री गौ-संवर्धन मिशन के तहत प्रदेशभर में गौ-अभयारण्य और गौ-सेवा केंद्रों की स्थापना की गई है। लगभग दो वर्षों में प्रदेश ने दुग्ध उत्पादन में गुणात्मक वृद्धि हासिल की है।

मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन और प्रदेशवासियों के सहयोग और संबल से कल्याणकारी नीतियों और निर्णयों को अमल में लाने में सफलता प्राप्त हुई है। मध्यप्रदेश की स्वर्णिम यात्रा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ आगे बढ़ रही है। गरीब के चेहरे पर मुस्कान, किसान की खुशहाली, नारी का सम्मान और युवाओं का उज्ज्वल भविष्य हमारा संकल्प भी है और लक्ष्य भी। आइये, हम सब मिलकर समग्र विकास के साथ आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाएं और विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनें।

प्रदेशवासियों को मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस की मंगलकामनाएं...।

**डॉ. मोहन यादव**
(लेखक, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)

## आंचलिक

# मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 22 घायल, 5 गंभीर खंडवा रेफर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगौन** ●खरगोन के भीकनगांव-सनावद रोड पर घोड़वा घाट में शुक्रवार सुबह मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में 22 मजदूर घायल हुए हैं। इनमें से 5 को गंभीर हालत में खंडवा रेफर किया गया है। सभी मजदूर मिर्च तोड़ने के लिए बिराली से हीरापुर जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक, सुबह करीब 9:30 बजे घोड़वा घाट के मोड़ पर ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। चीख-पुकार मचते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत काम शुरू किया। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, बिराली में इन दिनों मिर्च और कपास की तुड़ाई का काम चल रहा है। काम पर आए 25 से ज्यादा मजदूर खंडवा के रहने वाले हैं और किराए पर ठहरकर रोज खेतों में जाते हैं। हादसे में घायल हुए लोगों में महिलाएं, बच्चे और युवतियां शामिल हैं।



### घायलों का अस्पताल में इलाज किया गया

शुक्रवार को काम पर जाने के लिए बिराली से निकलने के बाद घोड़वा घाट पर ट्रैक्टर ट्रॉली असंतुलित होकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर 112 डायल कर सनावद और बेड़िया के वाहन चालक तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को सनावद सिविल अस्पताल पहुंचाया।

### 5 घायल खंडवा रेफर

सनावद सिविल अस्पताल में डॉ. सार्थक, डॉ. निकिता, डॉ. साक्षी पटेल और डॉ. मिनल मंडलोई की टीम ने घायलों का इलाज किया। गंभीर रूप से घायल 5 मजदूरों को प्राथमिक उपचार के बाद खंडवा रेफर किया गया है। घायलों में महिलाएं, बच्चे और युवतियां शामिल हैं। हादसे के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। सनावद पुलिस ने घटना का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

# प्रदेश में 61 हजार हेक्टेयर में बनेगी ओंकारेश्वर सेंचुरी, इको टूरिज्म का हब बनेगा- सीएम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रस्तावित ओंकारेश्वर अभयारण्य को 1 नवंबर को मंजूरी देने के संकेत दिए हैं। वे 30 अक्टूबर गुरुवार को खंडवा के नर्मदानगर पहुंचे थे, जहां नर्मदा नदी में 6 मगरमच्छ छोड़ने के साथ ही ओंकारेश्वर अभयारण्य घोषित करने की बात कही थी। दरअसल, इंदिरा सागर बांध के निर्माण की स्वीकृति के करीब 39 साल बाद ओंकारेश्वर वन्यप्राणी अभयारण्य की उम्मीद बंधी है। खंडवा और देवास जिले के वन क्षेत्र को मिलाकर 614 वर्ग किलोमीटर में प्रस्तावित अभयारण्य के गठन का प्रस्ताव शासन स्तर पर लंबित था। समय-समय पर आपत्तियां और केंद्र सरकार के मापदंडों की वजह से अधिसूचना टलती रही। पांच साल पहले अभयारण्य को हरी झंडी मिलना लगभग तय हो गया था, लेकिन कालीसिंध लिंक परियोजना की वजह से अधिसूचना टल गई थी।



### सीएम ने की थी घोषणा

इंदिरा सागर बांध के बैकवॉटर में गुरुवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भोपाल के वनविहार से लाकर 6 मगरमच्छों को छोड़ा था। इसमें दो नर और चार मादा हैं। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश नदियों का मायका है, यहां हर जीव स्वच्छंद हैं। अब मप्र के घड़ियाल असम तक भेजे जाएंगे।

ओंकारेश्वर अभयारण्य की घोषणा भी जल्द संभव है। मां नर्मदा की कृपा हम सब पर बनी रहे है, इसलिए आज मां नर्मदा की गोद में मगरमच्छों को छोड़ा गया है। चीतों का सफल पुनर्स्थापन हो चुका है, अब जल्द ही नौरादेही अभयारण्य में नामीबिया के चीते छोड़े जाएंगे। मां नर्मदा को स्वच्छ रखने और जलीय तंत्र को मजबूत करने में ये मगरमच्छ अहम भूमिका निभाएंगे।

मुख्यमंत्री यादव के समक्ष वन विभाग के अधिकारियों ने प्रस्तावित ओंकारेश्वर अभ्यारण के संबंध में विस्तृत कार्य योजना एवं जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि सामान्य वनमंडल खंडवा के कुल वनक्षेत्र 283773.23 हेक्टेयर अंतर्गत प्रस्तावित ओंकारेश्वर अभ्यारण का कुल क्षेत्रफल 61407.09 हेक्टेयर है, जिसमें खंडवा वनमंडल अंतर्गत पुनासा, मूंदी, चांदगढ़, बलडी परिक्षेत्र शामिल हैं। वहीं, देवास वनमंडल के सतवास, कांटाफोड, पुंजापुरा, उदयनगर आदि परिक्षेत्र शामिल हैं। चार साल से ओंकारेश्वर अभ्यारण का प्रस्ताव शासन के पास मंजूरी के लिए पड़ा हुआ था।

# लंपी वायरस का अलर्ट, बीमार पशुओं को किया क्वारंटीन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगौन** ● खरगोन जिले में गोवंश में लंपी वायरस और लार की बीमारी के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए पशु चिकित्सा विभाग सतर्क हो गया है। संक्रमित पशुओं को क्वॉरेंटाइन किया जा रहा है और टीकाकरण अभियान तेज कर दिया गया है। साप्ताहिक पशु बाजार या मेले से 10 किमी क्षेत्र में पशुओं की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने खरगोन और बड़वानी जिला प्रशासन को रोकथाम, उपचार और टीकाकरण की त्वरित एवं प्रभावी व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने रोग नियंत्रण, उपचार, टीकाकरण, जैव सुरक्षा और सर्विलांस संबंधी एडवाइजरी जारी की है।

### पशुओं का वैक्सीनेशन किया जा रहा है

संक्रमित क्षेत्र की परिधि में पशु बाजार, प्रदर्शनी और पशु संबंधित आयोजनों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। विभाग ने टीकाकरण अभियान के तहत संक्रमित क्षेत्र से 5 किमी दायरे में 'रिंग वेक्सीनेशन' शुरू किया है। सीमावर्ती इलाकों, गौशालाओं, दुग्ध उत्पादन क्षेत्रों और गौवंशीय बछड़ों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।



सांसद पटेल ने कहा कि गौमाता हमारी आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधारशिला हैं। लंपी वायरस संक्रमण से उनकी सुरक्षा प्राथमिक जिम्मेदारी है। एडवाइजरी का पालन संक्रमण नियंत्रण में मददगार होगा।

# वेतन बढ़वाने उद्योग नगर में श्रमिक कर रहे हड़ताल, चौथे दिन भी ठप रहा काम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● उद्योग नगर में श्रमिक बढ़े हुए वेतन की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। शुक्रवार को चौथे दिन भी कर्मचारियों ने काम नहीं किया। इस मामले में कांग्रेस ने भी श्रमिकों का समर्थन किया है। दरअसल, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश के बाद राज्य सरकार ने श्रमिकों के वेतन में वृद्धि की है। हालांकि, उद्योग और साइजिंग संचालक श्रमिकों को बढ़ा हुआ वेतन नहीं दे रहे हैं। शुक्रवार दोपहर नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रिंकू टाक के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने सहायक श्रम पदाधिकारी कन्हैयालाल मोरे से मुलाकात की। उन्होंने श्रमिकों को जल्द बढ़ा हुआ वेतन दिलाने की मांग की और संचालकों से बात करने को कहा। इस पर सहायक श्रम पदाधिकारी मोरे ने आश्वासन दिया कि वे जल्द ही एसोसिएशन से चर्चा कर निर्णय लेंगे। मजदूर यूनियन के अध्यक्ष प्रियांक सिंह ठाकुर ने बताया कि श्रमिकों को बढ़ा हुआ वेतन न मिलने से वे परेशान हैं। इस दौरान पूर्व विधायक हमीद काजी सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।



# सिंधु अगले सत्र में ही नजर आयेंगी



**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● महिला बैडमिंटन स्टार पी. वी. सिंधु अब इस सत्र में नजर नहीं आयेंगी। सिंधु अब साल 2026 सत्र से ही वापसी करेंगी। सिंधु ने फिट नहीं होने के कारण बीडब्ल्यूएफ टूर के शेष सभी मुकाबलों से अपना नाम वापस ले लिया है। सिंधु ने कहा कि उन्होंने यह फैसला सहयोगी स्टाफ और खेल चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. दिनशॉ पारडीवाला से बात करने के बाद लिया है। सिंधु ने कहा, 'अपनी टीम और डॉ. पारडीवाला की सलाह के बाद उसने साल 2025 सत्र के बाकी टूर्नामेंट से हटना ही सबसे बेहतर समझा है। इसका कारण है कि उनकी पैर की चोट अभी पूरी तरह ठीक नहीं हुई है। इस खिलाड़ी के अनुनार नाम वापस लेना फैसला नहीं था पर इसके अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं था। साथ ही कहा कि चोटें हर खिलाड़ी के खेल सफर का हिस्सा होती हैं। ये हमारे धैर्य और जज़्बे की भी परीक्षा लेती हैं।'

उन्होंने कहा कि वह अभी डॉक्टारें की टीम के सहायोग से रिकवरी और अभ्यास पर ध्यान दे रही हैं सिंधु ने कहा, 'मेरी टीम का मुझपरा काफी भारोसा है जिससे भी मेरा उत्साह हर दिन और बढ़ता है। मैं उनकी आभारी हूं और पहले से कहीं ज्यादा प्रेरित और बेहतर महसूस कर रही हूं।' सिंधु ने अपने प्रशंसकों और समर्थकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह जनवरी 2026 में कोर्ट पर वापसी करेंगी। उन्होंने सोशल मीडिया में लिखा, 'आप सबके प्यार और समर्थन के लिए दिल से धन्यवाद। यह सफर यहीं समाप्तनहीं होता,जल्द ही एक नई शुरुआत होगी।' गौरतलब है कि पिछले साल पेरिस ओलंपिक में शुरुआती दौर में बाहर होने के बाद से ही सिंधु के लिए इस साल का सत्र अच्छा नहीं रहा है रहा। वह चाइना मास्टर्स सुपर 750, इंडिया ओपन सुपर 750 और विश्व चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल के बाहर हो गयीं थीं।

## हम वर्ल्ड कप जीतेंगे - अमनजोत



**मुंबई (एजेंसी)** ●भारतीय टीम की ऑलराउंडर अमनजोत कौर ने कहा कि उनकी टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 380 रन के लक्ष्य का अनुमान लगा रही थी। उन्होंने कहा कि लिचफील्ड के आउट होने और स्पिनर चारणी की शानदार गेंदबाजी की वजह से ऐसा नहीं हुआ। मैच के बाद अमनजोत ने कहा, मैं रन रोकने की हरसंभव कोशिश कर रही थी, क्योंकि लिचफील्ड काफी आक्रामक बल्लेबाज हैं। मुझे पता था कि कुछ गेंदें खाली जाने के बाद वह कुछ अलग करने का प्रयास करेंगी। मैं सिर्फ स्टंप पर गेंद डालने की कोशिश कर रही थी। श्रीचरणी ने अपने तीसरे स्पेल में तीन ओवर में नौ रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने बेथ मूनी (24) और अनाबेल सदरलैंड (तीन) को आउट किया। अमनजोत ने कहा, हमें लगा था कि लक्ष्य 380 के आसपास होगा, लेकिन विकेट बहुत अच्छा था।

लिचफील्ड के आउट होने के बाद मैच का रुख हमारे पक्ष में हो गया और चरणी ने उम्दा गेंदबाजी की। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया को हराने की खुशी ही अलग होती है। उन्होंने कहा, यह काफी महत्त्वपूर्ण था, क्योंकि यह इतना बड़ा टूर्नामेंट है। कुछ मैचों के नतीजे हमारे अनुकूल नहीं रहे और ऑस्ट्रेलिया को हराने की तो खुशी ही अलग है। विश्व कप कौन नहीं जीतना चाहता। हरमनप्रीत, स्मृति और पूरा देश जीतना चाहता है। हम जीतने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

## हार से निराश ऑस्ट्रेलियाई कप्तान हीली लेंगी संन्यास

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ●ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान एलिस हीली ने भारतीय टीम के खिलाफ महिला विश्वकप सेमीफाइनल में मिली हार पर निराशा जताते हुए संन्यास के संकेत दिये हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम को सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने पांच विकेट से हराय था।



हीली ने कहा कि यह उनका इस प्रारुप का अंतिम मैच हो सकता है। भारतीय टीम ने इस मैच में 339 रनों का कठिन लक्ष्य हासिल किया था। हीली ने मैच के बाद कहा, इस पूरे टूर्नामेंट में सभी ने अच्छी तरह योगदान दिया। यही वजह है कि हारने वाली कप्तान बनकर खड़े रहना निराशाजनक लग रहा है। हमने कई अवसर बनाएं। हमने दबाव बनाया। मगर हम मैच अपने नाम नहीं कर पाये। भारतीय टीम की जीत में जेमिमा रोड्रिग्ज 127 और हरमनप्रीत कौर 89 रनों की अहम भूमिका रही। हीली ने जेमिमा का कैच तब गिरा दिया था जब वह 82 रन पर थीं। यह कैच ऑस्?ट्रेलिया की हार का कारण बना। इस खिलाड़ी ने कहा कि उगला विश्वकप खेलने की उनकी कोई योजना नहीं है। साथ ही कहा कि अब उनका लक्ष्य अगले साल होने वाला टी20 विश्वकप है।

# फिल्म 'महाकाली' में भूमि शेट्टी मुख्य नायिका

**मुंबई (एजेंसी)** ● प्रशांत वर्मा की आने वाली फिल्म 'महाकाली' में भूमि शेट्टी मुख्य भूमिका में नजर आयेंगी। फिल्म हनुमान के ज़रिए भारतीय सुपरहीरो जॉनर को नया आयाम देनेवाले आरकेडी स्टूडियोज़ और दूरदर्शी फिल्ममकार प्रशांत वर्मा ने अपनी अगली फिल्म महाकाली की मुख्य नायिका के खुलासे के साथ सभी को चौंका दिया है। मेकर्स ने पोस्टर के ज़रिए भूमि शेट्टी को महाकाली की मुख्य नायिका के रूप में पेश करते हुए, उनके अभूतपूर्व लुक से दर्शकों को रूबरू करवा दिया है, जिससे सभी अचंभित हैं। इस फिल्म की 50 प्रतिशत से अधिक शूटिंग पूरी हो चुकी है और वर्तमान समय में हैदराबाद में विशेष रूप से बनाए गए भव्य सेट पर इसकी शूटिंग जारी है।





## पार्वती, डॉन और दिलीश बडे परदे पर एक साथ आएंगे नजर

**मुंबई (एजेंसी)** ●अभिनेत्री पार्वती थिरुवोथु अब मलयालम सिनेमा के चर्चित निर्देशक डॉन पलथारा की अगली फिल्म की हीरोइन बनने जा रही हैं। यह पहली बार है जब पार्वती, डॉन पलथारा और दिलीश पोथन एक साथ किसी प्रोजेक्ट में काम कर रहे हैं। तीनों के सहयोग को मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में एक 'ड्रीम कोलैबोरेशन' माना जा रहा है, जो नई सिनेमाई बातचीत को जन्म दे सकता है। पार्वती ने इस खबर की पुष्टि इंस्टाग्राम पर स्क्रिप्ट की तस्वीर साझा करते हुए की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'डॉन पलथारा की बनाई दुनिया में कदम रख रही हूं, वह भी दिलीश पोथन के साथ। इंतजार नहीं हो रहा।' उनके इस पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर फैंस और इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाइयां दीं। डॉन पलथारा का सिनेमा अपनी शांत लेकिन गहरी कहानियों, रिश्तों की जटिलता और सूक्ष्म भावनाओं के लिए जाना जाता है। पार्वती की संवेदनशील और परतदार अदाकारी डॉन की सिनेमाई शैली से एकदम मेल खाती है। वहीं, दिलीश पोथन न केवल एक शानदार निर्देशक हैं, बल्कि एक बेहतरीन और सहज अभिनेता भी हैं, जिनकी उपस्थिति हर फ्रेम में गहराई जोड़ती है।



# उज्जैन संभाग

# सीएम व 2 केंद्रीय मंत्री को लेकर उज्जैन में उड़ेगा हेलिकॉप्टर, मप्र के स्थापना दिवस पर पर्यटन हेलिकॉप्टर सेवा आज से

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस के मौके पर शनिवार को पर्यटन हेलिकॉप्टर सेवा भी शुरू होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समेत 2 केंद्रीय मंत्रियों को लेकर हेलिकॉप्टर भोपाल से उज्जैन के लिए उड़ेगा। हालांकि, नियमित सेवा 20 नवंबर से ही शुरू होगी। भोपाल एयरपोर्ट से दोपहर में उड़ान होगी। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, केंद्रीय विधि और न्याय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल, पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी की उपस्थिति भी रहेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के फ्लैग ऑफ के साथ दोनों केंद्रीय मंत्री उज्जैन के लिए प्रस्थान करेंगे।

### पीपीपी मॉडल के तहत यह उड़ान

मंत्री लोधी ने बताया कि मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा राज्य के पर्यटन स्थलों के बीच हवाई संपर्क को सुदृढ़ बनाने



के उद्देश्य से पीएम श्री हवाई पर्यटन हेलिकॉप्टर सेवा प्रारंभ की जा रही है। लोक-निजी भागीदारी मॉडल के अंतर्गत यह सेवा मध्य प्रदेश के पर्यटन को नई उड़ान देगी। अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला ने कहा कि मध्यप्रदेश देश में इंट्रा स्टेट एयर कनेक्टिविटी संचालित करने वाला प्रथम राज्य है। पीएम श्री हवाई पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा प्रदेश में प्रमुख धार्मिक, वन्यजीव एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थलों के बीच यात्रा अधिक सुविधाजनक और आकर्षक बनेगी। यह पहल मध्य प्रदेश को एक नए पर्यटन आयाम की ओर अग्रसर करेगी। जिससे राज्य के एडवेंचर, हेरिटेज, और स्पिरिचुअल टूरिज्म को नई पहचान मिलेगी। साथ ही देसी-विदेशी पर्यटकों के लिए यात्रा अनुभव और भी समृद्ध होगा।

### सप्ताह में पांच दिन होगा

इस सेवा का संचालन प्रत्येक सेक्टर में सप्ताह में पांच दिन किया जाएगा। सेवा संचालन के लिए सेक्टर-1 में मेसर्स ट्रांस भारत एविएशन और सेक्टर-2 और सेक्टर-3 में मेसर्स जेट सर्व एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ तीन वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध निष्पादित किए गए हैं। प्रारंभिक चरण में निजी ऑपरेटर द्वारा प्रत्येक सेक्टर में हेलीकॉप्टर संचालित किए जाएंगे। जिनमें कम से कम छह यात्री सीटें होंगी।

## बच्चों की करने वाले थे सगाई, लड़के की मां लड़की के पिता संग हो गई फरार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● बड़नगर में सगाई की तैयारी के बीच लड़के की मां अचानक गायब हो गई। पुलिस जांच में पता चला कि वह अपने होने वाले समधी के साथ प्रेम संबंध के कारण घर छोड़कर चली गई थी। महिला ने बयान दिया कि अब वह पति और बच्चों के साथ नहीं, बल्कि समधी के साथ रहना चाहती है। घर में बच्चों की सगाई करने की तैयारी की जा रही थी। यह तय किया जा रहा था कि सगाई वाले दिन दुल्हन कौन से कपड़े पहनेगी और दूल्हा उसके मैचिंग की कौन सी शेरवानी, लेकिन इन सबके बीच अचानक लड़के की मां गायब हो गई। पुलिस ने जब उसे खोजा तो महिला थाना क्षेत्र में ही मिल गई। जिसने घर से फरार होने की जो वजह बताई उससे पुलिस तो ठीक पूरे शहर में यह मामला चर्चा का विषय बन गया है। पूरा मामला कुछ इस प्रकार है कि बड़नगर थाना क्षेत्र के इंगोरिया में रहने वाले दो परिवारों के बीच सगाई को लेकर तैयारी की जा रही थी। लड़के की मां (45 वर्ष) और लड़की के पिता (50 वर्ष) दोनों आपस में बातचीत करने के साथ ही मेल मिलाप करते हुए सगाई की तैयारी में जुटे हुए थे, लेकिन आठ दिन पहले अचानक लड़के की मां कहीं गायब हो गई जिसे काफी खोजने के बावजूद जब वह नहीं मिली तो गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना बड़नगर में दर्ज करवाई गई थी।

# 67वें अ.भा. कालिदास समारोह में वर्चुअली जुड़ेंगे सीएम यादव

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● 67वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह का आयोजन 1 से 7 नवंबर तक किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार शाम 4 बजे ऑनलाइन माध्यम से समारोह का शुभारंभ करेंगे। पहले वे स्वयं उपस्थित होने वाले थे, लेकिन मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के कार्यक्रमों में व्यस्तता के कारण अब वे ऑनलाइन जुड़ेंगे। उद्घाटन अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी और सारस्वत अतिथि जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी रत्नेशप्रपन्नाचार्य महाराज (अयोध्या) मंच पर मौजूद रहेंगे। कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गंधे ने बताया कि देवप्रबोधनी एकादशी, 1 नवंबर को शाम 4 बजे भरत विशाला मंच पर मुख्यमंत्री संबोधित करेंगे।अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय कालिदास चित्र एवं मूर्तिकला प्रदर्शनी का भी शुभारंभ किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत गायिका सूर्या गायत्री (केरल) के सुगम व भक्ति संगीत की प्रस्तुति से होगी।

### एक हफ्ते तक चलेंगे कार्यक्रम

सप्ताह भर चलने वाले इस समारोह में 2 नवंबर को मुंबई के महेश काले का शास्त्रीय गायन होगा। 3 नवंबर को बेंगलुरु की अनन्या गौड़ शास्त्रीय कथक नृत्य प्रस्तुत करेंगी, जबकि भोपाल की अमिता खरे



और उज्जैन की एकता पोद्दार शास्त्रीय नृत्य नाटिका 'भोला पार्वती को ब्याव' का मंचन करेंगी।

4 नवंबर को उज्जैन की कला सांस्कृतिक समिति 'ऋतुसंहार' नामक शास्त्रीय नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेगी। इसी दिन विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति द्वारा 'कृष्ण उज्जयिनी' की प्रस्तुति दी जाएगी।

5 नवंबर को कोलकाता के पियाल भट्टाचार्य के निर्देशन में संस्कृत नाटक 'शिवभाणकम' का मंचन होगा। 6 नवंबर को भोपाल की श्रुति अधिकारी का शास्त्रीय वादन 'पंचनाद' और बेंगलुरु की दुर्गा शर्मा का शास्त्रीय वायलिन वादन प्रस्तुत किया जाएगा।

समारोह का समापन 7 नवंबर को मुरैना की दिव्या शर्मा जांगीड़ के शास्त्रीय गायन और सारंगपुर के प्रेमसिंह देपालपुरिया के लोकगायन के साथ होगा।

## भक्तों के लिए महाकाल, भस्म रमाकर भांग से करते हैं श्रृंगार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● श्री महाकालेश्वर मंदिर में विराजित बाबा महाकाल बहुत निराले हैं, वे प्रतिदिन भक्तों के लिए सुबह 4 बजे जागकर भांग से श्रृंगार करते हैं और भस्म रमाते हैं। कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर आज शनिवार सुबह भस्म आरती के दौरान बाबा महाकाल के दरबार में हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। इस दौरान भक्तों ने देर रात से ही लाइन में लगकर अपने ईष्ट देव बाबा महाकाल के दर्शन किए। आज बाबा महाकाल भी भक्तों को दर्शन देने के लिए सुबह 4 बजे जागे। मस्तक पर चंद्र और बेलपत्र पहनकर श्रृंगार किया और भक्तों को दर्शन दिए, जिससे पूरा मंदिर परिसर जय श्री महाकाल की गूंज से गुंजायमान हो गया। श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित महेश शर्मा ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर आज शनिवार सुबह 4 बजे भस्म आरती हुई।

## संतों के सान्निध्य में शिप्रा प्रदक्षिणा यात्रा 2 नवंबर से:रामघाट से शुरू होकर उद्गम स्थल तक जाएगी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● त्रिशूल शिवगण वाहिनी द्वारा शिप्रा प्रदक्षिणा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा 2 नवंबर को सुबह 8 बजे रामघाट से शुरू होगी और 5 नवंबर को शाम 5 बजे रामघाट पर ही 'एक दिया शिप्रा के नाम' अभियान के साथ संपन्न होगी। यात्रा जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर शैलेश आनंद गिरि और निर्मोही अखाड़ा के महंत ज्ञान दास महाराज के मार्गदर्शन में होगी।

त्रिशूल शिवगण वाहिनी के संस्थापक आदित्य नागर और सुरेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदक्षिणा का मुख्य उद्देश्य शिप्रा नदी को उसके पौराणिक स्वरूप में लौटाने और उसे निर्मल बनाने के लिए जन जागरूकता फैलाना है। साथ ही, आम नागरिकों को जल संवर्धन के लिए प्रेरित करना भी इसका लक्ष्य है।

### समिति ने दिन वार कार्यक्रम जारी किया

यात्रा 2 नवंबर को रामघाट से संत-महंतों की उपस्थिति में प्रारंभ होकर ग्राम बोलासा और दकनासोडी होते हुए मुढ़ला दोसर स्थित शिप्रा उद्गम स्थल पर पहुंचेगी। इसके बाद 3 नवंबर को यह शिप्रा उद्गम से सिमरोड होते हुए दत्त अखाड़े पर पहुंचेगी।

4 नवंबर को यात्रा मेलेश्वर महादेव, उन्हेल, आलोट होते हुए ग्राम सिपावरा स्थित शिप्रा-चंबल संगम पर पहुंचेगी। अंतिम दिन 5 नवंबर को यह शिप्रा-चंबल संगम से महिदपुर और नारायणा धाम होते हुए शाम 5 बजे रामघाट आरती द्वार पर लौटेगी। यहां शिप्रा पूजन, चुनरी समर्पण के बाद 'एक दिया शिप्रा के नाम' अभियान की शुरुआत की जाएगी। यात्रा के सभी पड़ाव स्थलों पर भी दीपदान किया जाएगा।

### धर्म चेतना सभाएं आयोजित की जाएंगी

प्रदक्षिणा के दौरान विभिन्न पड़ाव स्थलों पर सनातन पंचायत के माध्यम से धर्म चेतना सभाएं आयोजित की जाएंगी। इस यात्रा में 100 से अधिक यात्री शामिल होंगे। महामंडलेश्वर शैलेश आनंद गिरि महाराज ने बताया कि सनातन पंचायत के माध्यम से 'नदी-नारी और न्याय' जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

महंत ज्ञानदास महाराज ने शिप्रा को गंदगी से मुक्त करने और उसे प्रवाहमान बनाने के लिए विस्तृत योजना बनाने और आमजन में जागृति पैदा कर उसमें मिलने वाले नालों को रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया। महंत विशालदास महाराज ने शिप्रा नदी के संरक्षण के लिए पौधारोपण और बड़े पेड़ों को न काटने के लिए जन जागरण की बात कही।

# तीन फर्जी अस्पतालों की शिकायत पहुंची हाईकोर्ट, सामने आए 36 अस्पतालों के फर्जीवाड़े!

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** शहर के निजी अस्पतालों के संबंध में बड़ा खुलासा सामने आया है। जब संबंधित विभागों में तीन अस्पतालों में चल रहे फर्जीवाड़े की शिकायत की गई, तो जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। साथ ही, मामले को दबाने की कोशिश की गई। शिकायतकर्ता ने हार नहीं मानी और हाईकोर्ट में तीन अस्पतालों के विरुद्ध याचिका दायर कर दी। हाईकोर्ट में मामले की पड़ताल के दौरान पता चला कि शहर के 36 और अस्पतालों में भी फर्जीवाड़ा हुआ है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा है कि वह सभी अस्पतालों के कागजात सौंपें। साथ ही जिन तीन अस्पतालों के खिलाफ याचिका दायर की गई थी, उनके खिलाफ संबंधित पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करने का आदेश दिया गया है। याचिकाकर्ता अधिवक्ता चर्चित शास्त्री ने बताया कि हाईकोर्ट ने फर्जी अस्पतालों के खिलाफ संबंधित पुलिस स्टेशन को शिकायत करने का आदेश दिया है। यह आदेश उनके जरिए



पेश किए गए याचिकाएं संख्या 33782, 33802 और 33771 में फर्जी अस्पताल – तुलसी वरदान (गांधीनगर), शेख हबीब (कोहिनूर कॉलोनी) व अविरल हॉस्पिटल (शांतिनाथपुरी/हवा बंगला) के लिए दिया है।

**फर्जी भवन अनुमति पत्र से बना रजिस्ट्रेशन**–याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि स्वास्थ्य विभाग में इन अस्पतालों के रजिस्ट्रेशन से संबंधित दस्तावेजों के लिए सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत आवेदन दिया गया था। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने दस्तावेज उपलब्ध कराए थे।

इस दस्तावेज से स्पष्ट हुआ कि अस्पताल संचालकों ने कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर रजिस्ट्रेशन प्राप्त किया था। नगर पालिका निगम का फर्जी भवन अनुमति प्रमाणपत्र तैयार कर अस्पताल का रजिस्ट्रेशन लिया गया। अस्पताल संचालकों ने भवन अधिकारी एवं निगम अधिकारियों के कथित फर्जी हस्ताक्षरों वाला भवन अनुमति प्रमाणपत्र नगर निगम के लेटरपैड पर तैयार किया था।

**सूचना के अधिकार से हुआ खुलासा**–याचिकाकर्ता ने नगर निगम से सूचना के अधिकार के तहत कुछ दस्तावेजों की पुष्टि के लिए आवेदन दिया था। जब जवाब आया तो नगर निगम ने साफ कहा कि ये दस्तावेज उनके द्वारा जारी ही नहीं किए गए थे। इसके बाद याचिकाकर्ता ने कई विभागों में शिकायतें कीं, लेकिन जब कहीं से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो आखिरकार उन्होंने इंदौर हाईकोर्ट का रुख किया।

**रुपए लेकर तैयार किए जाते थे दस्तावेज**–अधिवक्ता चर्चित शास्त्री ने हाईकोर्ट में बताया कि स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ कुछ अधिकारियों के जरिए पैसे लेकर अस्पताल संचालकों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए जाते थे।

# डीजीपी कैलाश मकवाना 2026 तक बने रहेंगे पद पर,

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** मध्य प्रदेश पुलिस के मुखिया डीजीपी कैलाश मकवाना का कार्यकाल अब 2026 तक बढ़ा दिया गया है। पहले उनका रिटायरमेंट दिसंबर 2025 में होना था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के आधार पर उन्हें दो साल का फुल टर्म दिया गया है। इससे न केवल प्रशासनिक स्थिरता बनी रहेगी, बल्कि नीति और नेतृत्व में भी निरंतरता आएगी।



मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना का कार्यकाल बढ़ाकर अब 2026 तक कर दिया गया है। इस पर गृह विभाग द्वारा आधिकारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। इससे पहले वे दिसंबर 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले थे।

## सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन से एक्सटेंशन

सुप्रीम कोर्ट ने डीजीपी पद के लिए कम से कम 2 साल के कार्यकाल की सिफारिश की थी, चाहे अधिकारी की रिटायरमेंट डेट कुछ भी हो। इसी आधार पर गृह विभाग ने कैलाश मकवाना को एक्सटेंशन देने का निर्णय लिया। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, किसी भी राज्य सरकार को डीजीपी के पद पर नियुक्त अधिकारी को कम से कम 2 वर्ष का कार्यकाल देना जरूरी है, ताकि मध्य प्रदेश पुलिस प्रशासन राजनीतिक दबावों से मुक्त होकर काम कर सके।

# नगर निगम को संपत्तिकर में झटका, चमेलीदेवी स्कूल के मामले में हाईकोर्ट के आदेश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** इंदौर नगर निगम आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहा है। अपनी आय बढ़ाने की कोशिश में है, लेकिन इसी कोशिश को लेकर राजनीतिक विवाद हो चुका है। अब हाईकोर्ट से एक बड़ा झटका लगा है। नगर निगम ने चमेलीदेवी स्कूल पर लाखों रुपए का संपत्तिकर व अन्य टैक्स की वसूली निकाली थी। यह स्कूल मध्यप्रदेश के सबसे अमीर व्यक्ति विनोद अग्रवाल के भाई पुरूषोत्तम अग्रवाल का है।

इस वसूली के खिलाफ अग्रवाल हाईकोर्ट गए और उन्होंने स्कूल प्रबंधन के पक्ष में फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने शहरी विकास उपकर और शिक्षा उपकर की मांग को निरस्त कर दिया है। साथ ही, जमा टैक्स को समायोजन के



आदेश दिए हैं। अब नगर निगम स्कूल से टैक्स वसूली नहीं कर सकता है। इस मामले में स्कूल प्रबंधन ने दया देवी शिक्षा समिति (सुप्रा) और पायनियर सोसाइटी फॉर प्रोफेशनल स्टडीज के मामले में पारित आदेश का हवाला दिया। इसमें कहा गया था कि शैक्षणिक संस्थानों से निगम संपत्तिकर नहीं वसूल सकता। वहीं शासन की ओर से तर्क था कि उपरोक्त दोनों मामलों में निर्णय अनुचित हैं।

### यह टैक्स स्कूल से नहीं वसूले जाएंगे

आदेश में कहा गया है कि याचिकाकर्ता (स्कूल प्रबंधन) से शहरी विकास उपकर और शिक्षा उपकर की मांग को एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है। प्रतिवादी यानी नगर निगम, याचिकाकर्ता द्वारा भुगतान की गई राशि को मांगों के विरुद्ध समायोजित करें। साथ ही, उसे संशोधित बिल/चालान दे। वह याचिकाकर्ता के जरिए शिक्षा उपकर और शहरी विकास उपकर के रूप में भुगतान की गई अतिरिक्त राशि आज से दो माह की अवधि के भीतर याचिकाकर्ता को वापस कर देंगे।

क्योंकि, अधिनियम, 1956 के तहत राज्य सरकार को किसी भी शैक्षणिक संस्थान को करों के भुगतान से छूट देने की कोई शक्ति नहीं दी गई है। इसलिए ये दोनों फैसले न्यायालय के लिए बाध्यकारी नहीं हैं। इस मामले पर नए सिरे से विचार करने की आवश्यकता है। इस मामले में जस्टिस प्रणय वर्मा की बेंच ने स्कूल प्रबंधन की याचिका मान्य कर ली। उन्होंने कहा कि पूर्व में पारित निर्णयों का अध्ययन करने के बाद, मानना है कि वे इस न्यायालय द्वारा पुनर्विचार के योग्य नहीं हैं। ये निर्णय सुविचारित निर्णय हैं और अधिनियम, 1956 के विभिन्न प्रावधानों और राज्य सरकार की अधिसूचना को ध्यान में रखते हुए, संबंधित मुद्दे का निर्णय किया गया है। यह याचिका स्वीकार की जाती है।

# फर्जी मेट्रिमोनियल कॉल सेंटर का खुलासा हरियाणा पुलिस ने 4 आरोपियों को पकड़ा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** इंदौर में एयरपोर्ट रोड पर चल रहे एक फर्जी मैट्रिमोनियल कॉल सेंटर का हरियाणा पुलिस ने शुक्रवार देर शाम खुलासा किया। नाम से संचालित इस कॉल सेंटर के जरिए हरियाणा के एक युवक से लाखों रुपए की ठगी की गई थी। जींद साइबर पुलिस की सूचना पर कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को धरदबोचा गया। मौके से 90 मोबाइल फोन, 5 लैपटॉप और 1.40 लाख रुपए नकद बरामद किए गए। डीसीपी कृष्णलाल चंदानी के अनुसार, जींद जिले के एक युवक ने शादी का झांसा देकर ठगी की शिकायत की थी। कॉल डिटेल जांच में लोकेशन इंदौर के कॉलोनी नगर स्थित आरती अपार्टमेंट (फ्लैट नंबर 302) की मिली। इसके बाद जींद साइबर टीम ने एरोड्रम पुलिस के सहयोग से दबिश दी।



### आरोपियों को हरियाणा ले गई पुलिस

पकड़े गए आरोपियों ने प्रारंभिक पूछताछ में ठगी का जुर्म कबूल किया है। आगे की जांच के लिए इन्हें हरियाणा लेकर जाया गया है।
रितु पिता हरीशचंद्र नामदेव, प्रमीला रोकड़े पत्नी सूरज धार्मिक, प्रिया पत्नी छत्रपति रोकड़े, सूरज पुत्र भगवानदास धार्मिक

# स्लॉट बुकिंग में आ रही है समस्या, योजना का सभी किसानों को मिले लाभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत इकाई ने गुरुवार को सीसीआई द्वारा कपास खरीदी की प्रक्रिया व भावांतर योजना में आ रही समस्याओं को लेकर तहसीलदार के नाम मंडी सचिव को ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने बताया मंडी में सीसीआई द्वारा कपास खरीदी में किसानों का पंजीयन होने के बाद स्लॉट बुकिंग अनिवार्य की है। किसान कपास एप पर स्लॉट बुकिंग कर रहे हैं, लेकिन हो नहीं पा रहे हैं। इसके कारण किसान का कपास सीसीआई द्वारा नहीं खरीदा जा रहा है। वहीं सोयाबीन में भावांतर योजना का लाभ बोरी में लाने वाले किसान व एफएक्यू के नीचे वाले किसान को भी मिलना चाहिए, जो नहीं मिल रहा है। दोनों समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की गई। इस दौरान अध्यक्ष लखनलाल भायडिया, देवेंद्र सिंह पंवार, रेवाराम भायडिया, केवलराम चौधरी, आनंदराम चौधरी, झबरसिंह पंवार, हरिकरण पटेल आदि मौजूद थे।

भाकिसं इकाई की बैठक गुरुवार को किसान भवन में हुई। प्रांत उपाध्यक्ष रेवाराम भायडिया ने बताया कपास आयाम के पांच जिलों के पदाधिकारियों की इंदौर संभाग आयुक्त के साथ बैठक हुई। इसमें सीसीआई द्वारा कपास खरीदी में 10 बिंदुओं पर सहमति मांगी गई। इसमें से आठ बिंदुओं पर संभाग आयुक्त व सीसीआई संभाग प्रमुख ने भाकिसं को आश्वासन दिया कि चार दिन में समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। सभी मंडियों में सीसीआई के अधिकारियों को पत्र जारी कर सूचना दी जाएगी। इससे किसानों को कपास की फसल बेचने में कोई परेशानी नहीं होगी। वहीं सोयाबीन की भावांतर योजना के संबंध में मंडी सचिव ने बताया 24 अक्टूबर से खरीदी हीदी शुरू हुई है। 2 नवंबर तक मंडियों में जो भी उपज बिकेगी उसका मॉडल भाव तय कर शेष राशि भावांतर में डाली जाएगी। हरिओम मलगायां, गोलूराम यादव, धन्नालाल, राजेश यादव, ओमप्रकाश रांडवा, दुलीचंद, लखनलाल भायडिया, देवेंद्र सिंह पंवार, रेवाराम भायडिया, केवलराम चौधरी, आनंदराम चौधरी, झबरसिंह पंवार, हरिकरण पटेल आदि मौजूद थे।

# बायपास पर ट्राले ने कार को टक्कर मारी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** इंदौर रेलवे एसपी और झाबुआ के पूर्व एसपी आईपीएस पद्म विलोचन शुक्ला एक सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बच गए। यह हादसा इंदौर बायपास पर उस समय हुआ जब वे पासिंग परेड में शामिल होने जा रहे थे। इंदौर बायपास पर एक ट्राले ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। इससे गाड़ी ट्राले के आगे घूमकर आ गई, लेकिन समय पर ब्रेक लगने से कोई बड़ी घटना नहीं हुई। एसपी शुक्ला ने बातचीत में बताया कि वह रन फॉर यूनिटी के बाद पीटीसी में पासिंग परेड के लिए जा रहे थे। रास्ते में जब वो बायपास से पीटीसी की ओर जा रहे थे, तभी पीछे से एक ट्राला आया और उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। शुक्ला ने कहा कि ट्राले की टक्कर लगते ही गाड़ी घूमकर उसके आगे आ गई।समय पर ब्रेक लगने से बड़ा हादसा टल गया। ईश्वर की कृपा रही कि किसी को चोट नहीं आई। उन्होंने आगे बताया कि बारिश के कारण शायद ट्राले के ड्राइवर को आगे गाड़ी दिखी नहीं होगी। मुमकिन है कि उसके वाइपर भी नहीं चल रहे थे, इसलिए उसे हमारी कार नजर नहीं आई।

# कलेक्टर के पास विधायक को लेकर बचाव के लिए पहुंचे बाबू, फर्जीवाड़ा चौंकाने वाला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** इंदौर कलेक्टर के पास एक चुनाव काम से हटाए गए बाबू सीधे विधायक को साथ लेकर अपने बचाव के लिए पहुंचे। लेकिन जब कलेक्टर ने उनके द्वारा किए गए फर्जीवाड़े की जानकारी दी तो वह खुद चौंक गए और कहकर लौट गए जो उचित कार्रवाई हो वह कीजिए। बात हो रही है चुनाव काम में सालों तक टिके रहे और फिर वहां से हटाए गए बाबू जितेंद्र सिंह चौहान की। वह गुरुवार शाम को विधानसभा तीन के विधायक गोलू शुक्ला को साथ लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा के पास मिलने पहुंचे। कलेक्टर से आग्रह किया कि चौहान पर सख्त कार्रवाई नहीं हो।

# एक क्लिक में मिलेंगे जन्म, मृत्यु विवाह और भवन अनुमति

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** तेजी से बढ़ती तकनीकी दुनिया में भविष्य की जरूरतों को देखते हुए इंदौर नगर निगम ने अपने दस्तावेजों को डिजिटली सुरक्षित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज कार्य का निरीक्षण करते हुए बताया कि इंदौर नगर निगम लगभग 1 करोड़ दस्तावेजों को एआई बेस्ड स्कैनिंग सिस्टम के जरिए डिजिटल स्वरूप में सहेजने का काम कर रहा है, जिसमें अब तक 19 लाख दस्तावेज स्कैन और सुरक्षित किए जा चुके हैं। महापौर ने बताया कि नगर निगम के पास नागरिकों की संपत्ति, जन्म-मृत्यु, विवाह, भवन अनुमति, कॉलोनी सेल और अन्य शासकीय कार्यों से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं। इन दस्तावेजों का संरक्षण न केवल डेटा सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि नागरिकों को भी अपने जरूरी कागजात आसानी से प्राप्त करने की सुविधा देगा।

उन्होंने कहा, 'अब नागरिकों को दस्तावेज़ प्राप्त करने के लिए नगर निगम के चक्कर नहीं लगाने होंगे। डिजिटलाइजेशन के बाद लोग बिना आवेदन के ही एक क्लिक पर अपने दस्तावेज प्राप्त कर सकेंगे।' महापौर भार्गव ने बताया कि यह प्रोजेक्ट इंदौर नगर निगम द्वारा स्वयं के निर्णय से शुरू किया गया है, जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर एजेंसी नियुक्त की गई है।

यह कार्य भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार के डिजिटल गवर्नेंस मिशन के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि देशभर में डिजिटल ऑफिस की शुरुआत हो चुकी है और मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जा रहा है। 'मध्य प्रदेश में इंदौर नगर निगम पहला विभाग है जिसने अपने सभी पुराने और नए दस्तावेजों को डिजिटल स्कैन करने का कार्य प्रारंभ किया है। महापौर ने कहा कि यह सराहनीय और भविष्यदृष्टि से महत्वपूर्ण कदम है। महापौर ने यह भी बताया कि निगम के विभिन्न विभागों के पुराने प्रोजेक्ट, टेंडर फाइलें और प्रशासनिक रिकॉर्ड भी स्कैन किए जा रहे हैं ताकि भविष्य में किसी भी कार्य में सुगमता बनी रहे।

**नहीं थम रहा ट्रस्टियों और प्रिंसिपल का विवाद....**

# माहेश्वरी कॉलेज ट्रस्ट का आरोप प्रिंसिपल और स्टाफ ने चार घंटे बंधक बनाया

**इंदौर ● इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

माहेश्वरी कॉलेज में ट्रस्ट और कॉलेज स्टाफ के बीच विवाद गहरा गया है। ट्रस्ट का आरोप है कि उन्हें चार घंटे तक बंधक बनाकर रखा गया और अपमानजनक व्यवहार किया गया। मामले में प्रिंसिपल और स्टाफ को नोटिस जारी किया गया है। प्रदेश में इंदौर के आरपीएल माहेश्वरी कॉलेज में एक बार कॉलेज प्राचार्य, स्टाफ का ट्रस्ट बोर्ड से बड़ा विवाद हो गया। ये कॉलेज माहेश्वरी समाज इंदौर द्वारा चलाया जा रहा है। ट्रस्ट ने इस मामले में प्रिंसिपल और स्टाफ पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चार घंटे तक कहीं जाने नहीं दिया और अशोभनीय व्यवहार किया गया। पुलिस को मौके पर बुलाया गया और फिर वह बाहर गए।

### ट्रस्ट अध्यक्ष और कॉलेज अध्यक्ष ने दिया नोटिस

माहेश्वरी कॉलेज ट्रस्ट अध्यक्ष पुरुषोत्तम पसारी और कॉलेज शिक्षण समिति के अध्यक्ष रामअवतार जाजू ने इस मामले में प्रिंसिपल राजीव झालानी को नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब देने का आदेश दिया है।

### नोटिस में बताया 11 अक्टूबर को ऐसे हुआ कांड

पसारी द्वारा दिए गए नोटिस में है कि 11 अक्टूबर की शाम चार बजे कॉलेज के बोर्ड कक्ष में शिक्षण समिति की बैठक हुई। इसमें सभी ट्रस्टी उपस्थित थे। इस दौरान कॉलेज के कर्मचारियों सहायक प्राध्यापक, तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों द्वारा मीटिंग में आकर अशोभनीय व्यवहार किया गया। सभी को अपमानित किया गया। साथ ही घेराव किया गया। स्थिति को गंभीरता को देखते हुए पुलिस को बुलाना पड़ा। इसके बाद सभी को आठ बजे सुरक्षित निकाला गया। यह गंभीर स्थिति है। इन सारे कृत्य से यह पता चलता है कि कॉलेज को अपनी निजी एकल संस्था की तरह संचालित करने का प्रयास कर रहे हैं। यह




### कॉलेज अध्यक्ष जाजू ने नोटिस में यह लिखा

जाजू द्वारा झालानी को दिए गए नोटिस में कहा गया है कि– 11 अक्टूबर को ट्रस्टगण की बैठक में स्टाफ ने आकर गरिमा के विपरीत व्यवहार किया। मैं 77 साल का व्यक्ति हूं और समाज में विविध दायित्व संभालता हूं। मीटिंग में घुसकर स्टाफ द्वारा नारे लगाए गए, घेराव किया गया। पुलिस को बुलाना पड़ा। फिर रात आठ बजे सुरक्षित निकले। आप अनुशासन बनाए रखने में विफल रहे हैं। इस संबंध में तीन दिन में जवाब दें।

### क्यों बोल रहे जिम्मेदार

इस मामले में पसारी ने कहा कि हां नोटिस दिया है। घटना 11 अक्टूबर की है लेकिन दिवाली के चलते हमने नोटिस नहीं दिया था, अब त्योहार खत्म हो गए हैं, यह समाज की संस्था है। इसमें गलत नहीं होने दिया जा सकता है। बहुत खराब व्यवहार था और पुलिस को बुलाना पड़ा था।
वहीं प्रोफेसर राजीव झालानी ने कहा कि सितंबर माह का वेतन जारी नहीं किया गया था, जब ट्रस्ट की बैठक हुई तो त्योहार के चलते स्टाफ ने वही वेतन मांगा था, कोई गलत व्यवहार नहीं हुआ। इसके बाद ही यह वेतन जारी हुआ। किसी ने कोई गलत व्यवहार नहीं किया और नोटिस अभी मुझे नहीं मिला है, वैसे भी बात 11 अक्टूबर की थी, कुछ गलत था तो तभी बात करना थी। **साभार–द सूत्र**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई – एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।